


# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 5 अप्रैल 2026

संवत 2083, वैशाख कृष्ण 3 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 200, पृष्ट-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ क्या गर्मी में आप भी रहते हैं चिड़चिड़े और उदास, जानें इसका कारण

अब हम तीन हो गए, रश्मिका की इंस्टाग्राम पोस्ट वायरल 6


सिलेंडर ब्लास्ट

# दम घुटने से तीन की मौत, दो गंभीर,धमाके से दहला पूरा इलाका



**संवाददाता**

**धनबाद :** जिले के मुनीडीह इलाके में शनिवार देर रात एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें गैस कटर सिलेंडर फटने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है।

**कई लोगों को होने लगी सांस लेने में दिक्कत:** बीते शनिवार रात करीब आधी रात को मुनीडीह क्षेत्र में अचानक गैस कटर के सिलेंडर में जोरदार विस्फोट हो गया। धमाका इतना तेज था कि वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि उस समय वहां 8 से 10 लोग मौजूद थे। सिलेंडर फटने के बाद जहरीली गैस तेजी से फैल गई, जिससे आसपास के लोग इसकी चपेट में आ गए। कई लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी और कुछ को दम घुटने जैसा महसूस हुआ।

इस हादसे में चार लोग गंभीर रूप से प्रभावित हुए। उन्हें तुरंत इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड ह ॉ स्प ि ट ल (एसएनएमएमसीएच) ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने संजय यादव और मोहम्मद अजहरुद्दीन को मृत घोषित कर दिया। वहीं, मोहम्मद अब्राहिम और मोहम्मद इमामुद्दीन का इलाज जारी है और उनकी हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है।



## डैम में डूबने से दो युवकों की मौत नहाने के दौरान हुआ हादसा

**लातेहार:** जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया डैम में डूबने से आदिम जनजाति समुदाय के दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान विशाल परहिया और मनोज परहिया के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद दोनों के शव को बरामद कर लिया है। दोनों युवक छिपादोहर के रहने वाले थे।

दरअसल, दोनों युवक गम्हरिया डैम में नहाने के लिए गए थे। इसी दौरान अचानक एक युवक गहरे पानी में डूबने लगा। उसे बचाने के क्रम में दूसरा युवक भी गहरे पानी में चला गया और डूब गया। दोनों युवक को डूबता देख आसपास के लोग शोर मचाने लगे और बचाने का भी प्रयास किया। लेकिन तब तक दोनों गहरे पानी में डूब चुके थे। बाद में काफी मशक्कत के बाद दोनों युवकों को डैम से बाहर निकाला गया। लेकिन दोनों युवकों की मौत हो गई थी।

इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू कर दी थी। हालांकि गहरे पानी में डूबने के कारण दोनों युवकों को बचाया नहीं जा सका। इस संबंध में थाना प्रभारी यकीन अंसारी ने बताया कि नहाने के दौरान दोनों युवक की डूबने से मौत हुई है। मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेजा जा रहा है।

ईरानी शीर्ष कमांडर की अमेरिका-इजरायल को धमकी

# बुनियादी ढांचे पर हमला किया तो करेंगे विनाशकारी कार्रवाई



**तेहरान :** ईरान के एक शीर्ष कमांडर ने चेतावनी दी है कि यदि अमेरिका या इजरायल ईरान के बुनियादी ढांचे पर हमला करते हैं, तो उसके जवाब में पश्चिम एशिया में मौजूद सभी अमेरिकी सैन्य ठिकानों और इजरायली बुनियादी ढांचे पर विनाशकारी और लगातार हमले किए जाएंगे।

ईरान के खातम अल-अनबिया सेंट्रल मुख्यालय के प्रमुख कमांडर अली अब्दोल्लाही ने यह चेतावनी जारी की। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान से होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए दी गई 10 दिन की समय-सीमा सोमवार को समाप्त होने वाली है। अब्दोल्लाही ने कहा, लगातार हार स्वीकार करने के बाद अमेरिका के आक्रामक और युद्धोन्मादी राष्ट्रपति ने एक हताश, घबराया हुआ, असंतुलित और मूर्खतापूर्ण कदम उठाते हुए ईरान के बुनियादी ढांचे व राष्ट्रीय संपत्तियों को निशाना बनाने की धमकी दी है।

उन्होंने कहा कि ईरानी सशस्त्र बल देश के अधिकारों की रक्षा करने और राष्ट्रीय संपत्तियों की सुरक्षा के लिए एक पल भी हिचकिचाएंगे नहीं और हमलावरों को उनकी जगह दिखा देंगे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने लिखा, याद रखें जब मैंने ईरान को समझौता करने या होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए दस दिन दिए थे, और जोड़ा, समय खत्म हो रहा है और 48 घंटे बचे हैं, उसके बाद उन पर कहर टूट पड़ेगा।

21 मार्च को ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि यदि ईरान ने 48 घंटे के भीतर होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह नहीं खोला, तो वह उसके बिजली संयंत्रों को नष्ट और तबाह कर देंगे। हालांकि, दो दिन बाद तेहरान के साथ सकारात्मक बातचीत के बाद उन्होंने हमलों को पांच दिनों के लिए टाल दिया। बाद में उन्होंने समय-सीमा फिर बढ़ा दी। इस बीच, ईरान की आईआरजीसी नौसेना ने कहा कि उसने ड्रोन से एक इजरायल से जुड़े जहाज को निशाना बनाया, जिससे उसमें आग लग गई। अपने आधिकारिक समाचार आउटलेट सेपाह न्यूज में जारी बयान में आईआरजीसी ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि उसके बलों ने बहरीन के एक बंदरगाह में एक इजरायली स्वामित्व वाले वाणिज्यिक जहाज को निशाना बनाया।

अर्ध-आधिकारिक तस्नीम समाचार एजेंसी ने बताया कि ईरान ने आवश्यक और मानवीय सामान ले जाने वाले जहाजों को अपने बंदरगाहों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी है। ये घटनाक्रम 28 फरवरी से शुरू हुए अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हमलों के बाद क्षेत्र में बढ़े तनाव के बीच सामने आए हैं, जिनके जवाब में ईरान और उसके क्षेत्रीय सहयोगियों ने मध्य पूर्व में इजरायल और अमेरिकी हितों पर हमले किए हैं।

# 48 घंटे बाद टूटेगा कहर, होर्मुज नाकेबंदी पर ट्रंप की ईरान को धमकी



**नई दिल्ली/ एजेंसीः** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ अपने नवीनतम हमले में चेतावनी दी है कि अगर तेहरान होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने की उनकी समय सीमा का पालन नहीं करता है, तो उन पर कहर टूट पड़ेगा। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर लिखा याद है जब मैंने ईरान को समझौता करने या होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने के लिए दस दिन का समय दिया था? समय तेजी से बीत रहा है - 48 घंटे बाद उन पर कहर टूट पड़ेगा। ईश्वर की महिमा हो! इससे पहले, ईरान के साथ चल रही बातचीत के बारे में आशावाद व्यक्त करने के बाद, ट्रम्प ने महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्ग को फिर से खोलने की समय सीमा को 10 दिनों के लिए बढ़ाकर 6 अप्रैल कर दिया था।

ईरान द्वारा अमेरिकी लड़ाकू विमान को मार गिराए जाने के बाद लापता हुए पायलट की तलाश अमेरिका ने शनिवार को तेज कर दी। वहीं, ईरान ने लोगों से पायलट के बारे में जानकारी देने का आह्वान किया और इनाम का वादा किया। ईरान ने अमेरिका के एफ-15ई स्ट्राइक ईगल नामक लड़ाकू विमान सहित दो विमानों को शुक्रवार को मार गिराने का दावा किया था। इस दौरान एक अमेरिकी सैन्यकर्मी को बचा लिया गया और कम से कम एक पायलट अब भी लापता है। क्षेत्र में गत छह सप्ताह से जारी युद्ध में पहली बार है जब अमेरिका ने ईरानी क्षेत्र में अपने लड़ाकू विमान को खोया है और यह अभियान में एक नया मोड़ साबित हो सकता है। इजराइल और अमेरिका द्वारा शनिवार को ईरान पर मिसाइलों और ड्रोन से हमले जारी रहे। वहीं, ईरान द्वारा किए गए ड्रोन हमले में दुबई स्थित अमेरिकी तकनीक दिग्गज कंपनी ओरेकल के मुख्यालय को नुकसान पहुंचने की खबर है।

सैन्य विमानों को ईरान द्वारा मार गिराए जाने की खबर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा राष्ट्र को संबोधित किए जाने के दो दिन बाद आई है। ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका ने ईरान को हरा दिया है और उसे पूरी तरह से तबाह कर दिया है तथा हम अपने काम को बहुत तेजी से पूरा करने जा रहे हैं। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा संगठन (आईएईए) ने शनिवार को जानकारी दी कि ईरान के बुशहर परमाणु संयंत्र के पास किए गए हवाई हमले में एक सुरक्षा गार्ड की मौत हो गई और एक इमारत क्षतिग्रस्त हो गई। युद्ध के दौरान यह चौथी बार है जब इस संयंत्र को निशाना बनाया गया है। ईरान द्वारा अमेरिका के दो लड़ाकू विमानों को मार गिराने के किए गए दावे पर व्हाइट हाउस और पेंटागन दोनों ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## तेज रफ्तार ने छीनी ज़िंदगी, बहन के घर से लौट युवक की सड़क हादसे में मौत

**मेदिनीनगर(पलामू):**चैनपुर थाना क्षेत्र के हरिणामाड़ गांव निवासी अमरेश कुमार विश्वकर्मा (29 वर्ष) की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि वह शनिवार शाम बाइक से अपनी बहन के घर गढ़वा जिले के ओबरा गांव गया था। करीब एक घंटे बाद लौटने के दौरान कितासोती गांव के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही अस्पताल पुलिस चौकी की टीम ने पहुंचकर परिजनों से पूछताछ की और कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी।घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ममता बनर्जी की सुरक्षा में बड़ी चूक, हेलिकाप्टर के पास ड्रोन से मचा हड़कंप, 3 गिरफ्तार



**नई दिल्ली:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जब एक चुनावी रैली में भाग लेने के बाद मालदा के मालतीपुर से गाजोल के लिए रवाना हो रही थीं, तभी उनके हेलीकॉप्टर के पास एक ड्रोन देखा गया। इस घटना से सुरक्षा जगत में गंभीर चिंता फैल गई और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और इस संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें बनर्जी के हेलीकॉप्टर में चढ़ने की कोशिश करते समय ड्रोन उनके हेलीकॉप्टर के पास उड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। बैकग्राउंड में लोगों को यह कहते हुए सुना जा सकता है, अरे, ये क्या है यार? माइक बंद करो। अधिकारियों ने अब इस बात की जांच शुरू कर दी है कि बनर्जी के हेलीकॉप्टर के इतने करीब ड्रोन कौन उड़ा रहा था। बनर्जी के मालदा दौरे की बात करें तो, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) वहां चुनाव प्रचार के लिए गई थी। अपने दौरे के दौरान, उन्होंने एक चुनावी रैली को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने पश्चिम बंगाल में एसआईआर अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा को उन लोगों से माफी मांगनी चाहिए जिनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। उन्होंने मालदा में हाल ही में हुई हिंसा और न्यायिक अधिकारियों के घेराव का भी जिक्र किया और आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) निर्दोष लोगों को गिरफ्तार करके उन्हें परेशान कर रही है। उन्होंने जनता से आगामी चुनावों में भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देने का आग्रह किया। चौथी बार मुख्यमंत्री बनने की कोशिश कर रही बनर्जी ने कहा हमारी पार्टी की राजनीतिक रैलियां और सभाएं आयोजित करने की कोई जरूरत नहीं है।




न्यूज IN ब्रीफ

## शहादत दिवस पर दिलीप कुमार बेदिया की प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण



मुरी : सिल्ली गेडेवीर चौक स्थित स्व दिलीप कुमार बेदिया की प्रतिमा पर उनके शहादत दिवस पर मल्यार्पण किया गया। संचालन लखीन्द्र बेदिया ने किया। मूर्ति पर हाकेदाग के मुखिया हरिपद मांझी और पिस्का के मुखिया सोमरा मांझी, पंचायत समिति सदस्य नीति देवी के पति लखीन्द्र बेदिया ने पुष्पांजलि अर्पित कर माल्यार्पण किया। इस दौरान स्व दिलीप कुमार बेदिया अमर रहे के नारे गूंजते रहे। इसके अलावा शहीद के पिता विजय बेदिया, माता कुशनी देवी, बहन मालती कुमारी, सोनु बेदिया, जयद्रथ बेदिया, सुरेश बेदिया, फौजी कृष्ण बेदिया, राजकुमार बेदिया,गुहीराम बेदिया व अन्य मौके पर उपस्थित थे।

## बच्चों ने खेल-खेल में लगाई आग, खलिहान में रखा 100 बोझा गेहूं जलकर खाक



**चतरा :** जिले के हंटरगंज प्रखंड के ढेबो गांव में शनिवार दोपहर आग लगने से किसान टिप्पु कुमार यादव के 100 गेहूं के बोझे जलकर राख हो गए।आग की लपटें उठती देख आसपास खेतों पर मौजूद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया लोगों ने आनन-फानन में आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक आग से काफी फसल जलकर राख हो चुकी थी। पीड़ित टिप्पु ने बताया कि उसने 15 कट्ठा खेत में गेहूं की कटनी की थी। थ्रेसिंग के लिए खलिहान में बोझे रखे थे, उनके बेटा की तबीयत खराब था जिसे लेकर शेरघाटी निजी अस्पताल में इलाज करवा रहा था। इसी दौरान ग्रामीणों का उनके पास कॉल आया कि आपका गेहूं जलकर राख हो गया है। जब टिप्पु घर पहुंचा तो देखकर रो पड़ा चूंकि उसका छः महीनों की मेहनत राख हो गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि गेहूं के खेत के पास कुछ बच्चे खेल रहे थे, इसी बीच कूड़े में मिले एक माचिस से बच्चों ने आग लगा दी।हवा चलने की वजह से थोड़ी देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।जिसके बाद ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन तब तक 100 बोझा गेहूं जलकर राख हो चुकी थी। पीड़ित ने जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## धनबाद रेल मंडल कमाई और माल ढुलाई में देश में नंबर वन




**धनबाद:** धनबाद रेल मंडल ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से देशभर में पहचान बनाई है. मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की उपलब्धियों का विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत किया. उन्होंने कहा कि मंडल माल ढुलाई, यात्री सुविधाओं, सुरक्षा और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में निरंतर सुधार की दिशा में काम कर रहा है.

कोयले परिवहन में रेल मंडल ने बनाया नया रिकॉर्ड

धनबाद डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने बताया कि माल ढुलाई के क्षेत्र में धनबाद रेल मंडल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश में पहला स्थान हासिल किया है. इस दौरान मंडल ने 194.73 मिलियन टन कोयले का परिवहन कर नया रिकॉर्ड बनाया. वहीं, बिलासपुर रेल मंडल 194.05 मिलियन टन के साथ दूसरे स्थान पर रहा.

राजस्व के मामले में भी धनबाद मंडल ने अपनी अग्रणी स्थिति बरकरार रखी है. इस वित्तीय वर्ष में मंडल ने कुल 23,773.24 करोड़ रुपये की आय अर्जित की, जो इसे देश का सबसे अधिक राजस्व देने वाला रेल मंडल बनाता है. बिलासपुर मंडल 23,645.34 करोड़ रुपये की आय के साथ दूसरे स्थान पर रहा.

यात्री किराए से भी हुई बेहतर कमाई

यात्री सेवाओं में भी मंडल का प्रदर्शन बेहतर रहा. वर्ष के दौरान 279.25 लाख यात्रियों ने धनबाद मंडल की सेवाओं का लाभ उठाया. यात्री किराए से मंडल को 529.88 करोड़ रुपये की आय हुई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7.88 करोड़ रुपये अधिक है. इसके अलावा, बिना टिकट यात्रा और बिना बुक किए गए सामान के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान में भी मंडल को उल्लेखनीय सफलता मिली. कुल 3.64 लाख मामलों की पहचान कर 21.97 करोड़ रुपये की वसूली की गई.

## भाजपा बंदरबांट पर पहले अपने गिरेबान में झांके : कांग्रेस

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने जामताड़ा मामले को लेकर भाजपा द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार, राजनीति से प्रेरित और बेबुनियाद करार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास कोई विजन नहीं बचा है, इसलिए वह राज्य के लोकप्रिय मंत्रियों और गठबंधन सरकार की छवि बिगाड़ने के लिए झूठ की खेती कर रही है। खासकर जब मंत्री डॉ इरफान अंसारी की बात आती है तो भाजपा और हमलावर रहती है। जामताड़ा के मामले में जैसे ही अनियमितता की शिकायत मिली, विभाग ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। भाजपा को बताना चाहिए कि उनके शासनकाल में जब घोटाले होते थे, तो क्या कभी ऐसी त्वरित कार्रवाई हुई? भाजपा पहले अपने गिरेबान में झांके कि कैसे केंद्र की योजनाओं की बंदरबांट उनके राज्यों में होती है।

# एक करोड़ के ईनामी नक्सली प्रशांत बोस का शव लेने कोई नहीं आया

### पत्नी ने प्रशासन से की अंतिम संस्कार कराने की मांग

संवाददाता

**रांची :** भाकपा माओवादी के वरिष्ठ नेता और पोलित ब्यूरो सदस्य प्रशांत बोस का 3 अप्रैल को रिम्स अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन के बाद अंतिम संस्कार को लेकर प्रशासन के सामने एक खास स्थिति बन गई, क्योंकि उनके परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं है।

पति का कोई अन्य परिजन नहीं: भाकपा माओवादी के पोलित ब्यूरो सदस्य प्रशांत बोस की 3 अप्रैल को रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। उनके निधन के बाद उनका शव रिम्स की मोर्चरी में रखा गया है। इस बीच, उनकी पत्नी शीला मरांडी, जो खुद भी माओवादी संगठन की नेता हैं और फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद हैं, ने जेल प्रशासन के जरिए जिला प्रशासन को पत्र भेजा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि उनके पति का



कोई अन्य परिजन नहीं है, इसलिए प्रशासन ही उनके अंतिम संस्कार की व्यवस्था करे।

70 से ज्यादा माओवादी मामलों में केस दर्जः प्रशांत बोस पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले के यादवपुर इलाके के रहने वाले थे। उन्हें 12 नवंबर 2021 को झारखंड पुलिस ने सरायकेला जिले के कांड्रा स्थित मुंडरी चेक पोस्ट के पास गिरफ्तार किया था। उस समय उनके साथ उनकी पत्नी शीला मरांडी और चार अन्य माओवादी भी पकड़े गए थे।

गिरफ्तारी के वक्त प्रशांत बोस पर सरकार ने एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित किया था। बताया जाता है कि वह उस समय इलाज कराने जा रहे थे। गिरफ्तारी से पहले उन्होंने कई राज्यों में नक्सल गतिविधियों को फैलाने में अहम भूमिका निभाई थी। झारखंड में उनके खिलाफ 70 से ज्यादा माओवादी मामलों में केस दर्ज हैं। वहीं, उनकी पत्नी शीला मरांडी भी माओवादी संगठन की सेंट्रल कमेटी की सदस्य और नारी मुक्ति संघ की प्रमुख रह चुकी हैं।

## सिमरिया प्रशासन की पहल से मृतक के परिजनों को मिले 10 लाख

### घायल को 2 लाख मिला मुआवजा

संवाददाता

**चतरा :** जिले के सिमरिया प्रखंड अंतर्गत मूर्वे स्टेडियम के समीप हुए दर्दनाक सड़क हादसे के बाद प्रशासन की पहल रंग लाई है।सिमरिया के अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय और सिमरिया पुलिस प्रशासन के प्रयास से मृतक चंदन के परिजनों को 10 लाख रुपये का चेक तथा घायल नेहा कुमारी को इलाज के लिए 2 लाख रुपये नगद मुआवजा प्रदान किया गया। यह मुआवजा झाझरिया कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा पूर्व निर्धारित समझौते के तहत दिया गया। गौरतलब है कि रेलवे में मिट्टी उठाव कार्य के दौरान तेज



रफ्तार हाईवा वाहन ने बाइक सवार चंदन को कुचल दिया था, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि नेहा गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घटना के बाद स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों और सिमरिया विधानसभा के नेता मनोज चंद्रा के नेतृत्व में कंपनी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया और मुआवजे की मांग उठी। इसके बाद प्रशासन ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया, जिससे सड़क जाम भी समाप्त हुआ। अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय ने कहा कि वे क्षेत्र की जनता के सेवक हैं और हर परिस्थिति में पीड़ितों के साथ खड़े रहेंगे।

## नियम तोड़ने वालों के खिलाफ एक्शन मोड में आए नजर डीटीओ, लगाया जुर्माना

संवाददाता

**चतरा :** जिले के सिमरिया अनुमंडल में टंडवा रोड स्थित पीएचडी कार्यालय के समीप डीटीओ सह प्रभारी अनुमंडल पदाधिकारी महेश्वरी प्रसाद यादव ने सघन वाहन जांच अभियान चलाकर सड़क पर लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ा संदेश दिया। इस दौरान दर्जनों दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की गई, जिसमें बिना हेलमेट चलने वाले कई बाइक चालकों पर जुर्माना लगाया गया। डीटीओ महेश्वरी प्रसाद की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता भी देखने को मिली। जांच के दौरान एक नाबालिग युवक को बाइक चलाते पकड़ा गया, जिस पर



नियम अनुसार कार्रवाई करते हुए बाइक जब्त कर ली गई और आगे की प्रक्रिया शुरू की गई। महेश्वरी प्रसाद ने स्पष्ट कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी चिंता का विषय है, जिसका मुख्य कारण हेलमेट न पहनना और कम उम्र में वाहन चलाना है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। इस अभियान में सिमरिया थाना के एसआई सतीश सोनी सहित पुलिस बल और जिला परिवहन टीम की सक्रिय भूमिका रही।

## इतवारी-शालीमार समर स्पेशल ट्रेन का हुआ आदेश

**जमशेदपुर :** टाटानगर होकर इतवारी से शालीमार स्पेशल ट्रेन चलेगी। गर्मी छुट्टी को लेकर नागपुर रेल मंडल से यह आदेश हुआ है ताकि, गर्मी की छुट्टी में परिवार के साथ घूमने के इच्छुक लोगों को सीट की दिक्कत नहीं हो। हालांकि स्पेशल ट्रेन की तिथि की घोषणा नहीं हुई है। स्पेशल ट्रेन चलने से छत्तीसगढ़, ओड़िशा, कोल्हान और पश्चिम बंगाल के यात्रियों को आवागमन में सहूलियत होगी। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन से भी संतरागाछी मुंबई समर स्पेशल ट्रेन चलाने का आदेश हुआ है जबकि शालीमार संतरागाछी और हावड़ा से विभिन्न मार्गों पर समर स्पेशल ट्रेन चलाने की भी तैयारी है।

## आठ को शहीदों की स्मृति में रक्तदान

जमशेदपुर : रेड क्रॉस सोसाईटी द्वारा 8 अप्रैल को स्व. चितरंजन मुखर्जी एवं शहीद मंगल पांडेय की शहादत दिवस पर रक्तदान शिविर लगेगा। वहीं, 5 अप्रैल से 10 अप्रैल तक सेफ्टी फर्स्ट एड डिजास्टर मैनेजमेंट ट्रेनिंग रेड क्रॉस आयोजित करेगा। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव विजय कुमार सिंह ने बताया कि अप्रैल में कई नेत्र जांच के लिए ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे।

## कायस्थों का महासम्मेलन आज बोकारो में : डॉ प्रणव कुमार बब्बू

संवाददाता

**रांची / बोकारो :** लाल बहादुर शास्त्री सेवा समिति के सलाहकार डॉ। प्रणव कुमार बब्बू ने कहा है कि कायस्थों की चेतना, एकता और जागरूकता सबसे ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि कायस्थ ऐसी जाति है जो अपने विकास, उन्नयन और आपसी एकजुटता के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं सामाजिक विकास को भी सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

संवाददाताओं से बातचीत करते हुए डॉबब्बू ने कहा कि कायस्थ समाज के साथ ही देश के ज्वलंत सामाजिक एवं आर्थिक मुद्दों पर बोकारो के बोकारो क्लब में 5 अप्रैल रविवार को पूर्वाह्न 9 बजे से आयोजित चित्रगुप्त महापरिवार एवं लाल बहादुर शास्त्री सेवा समिति के महासम्मेलन एवं कार्यशाला में गंभीर विचार-विमर्श किया जायेगा।

डॉ बब्बू ने कहा कि इस महासम्मेलन में मुख्य रूप से वर्तमान दौर के बदलते परिवेश में सामाजिक, पारिवारिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में चुनौतीपूर्ण स्थिति पर गंभीर चर्चा होने के साथ-साथ कायस्थ जाति के सशक्तिकरण पर भी विचार किया जायेगा।

डॉ बब्बू ने कहा कि विशेष कर आरक्षण और संख्या बल के कारण कायस्थ जाति के युवाओं को सरकारी नौकरियों से वंचित रहना पड़ रहा है और उनके समक्ष बेरोजगारी की गंभीर चुनौती है। ऐसी स्थिति में कायस्थों को आत्मनिर्भरता के विकल्प की तलाश करना बहुत अधिक आवश्यक है। आज के सम्मेलन में कायस्थ जाति की महिलाओं के सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता, आर्थिक तंगी के कारण कारण युवतियों की वैवाहिक समस्यायें और बदलते हुए सामाजिक-आर्थिक परिवेश के कारण वरिष्ठ नागरिकों के जीवन निर्वाह की समस्या एवं उनके समक्ष उत्पन्न चुनौतियों के साथ-साथ आपसी एकजुटता और राजनीतिक उपेक्षा जैसी अनेक गंभीर समस्याओं पर गहन चिंतन-मनन किया जायेगा। डॉ। बब्बू ने कहा कि आज के सम्मेलन में बेटियों को पढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के संदर्भ में चित्रगुप्त महापरिवार द्वारा आयोजित किये जानेवाले कार्यक्रमों पर विशेष रूप से चर्चा की जायेगी।

आज के महासम्मेलन एवं कार्यशाला में झारखण्ड के सभी 24 जिलों विशेषकर बोकारो, धनबाद, रामगढ़, हजारीबाग, रांची, चतरा आदि जिले के गणमान्य लोगों के साथ-साथ अन्य अतिथि भी शामिल होंगे। सम्मेलन में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के अनेक अतिथियों कायस्थ रत्नों की विशेष उपस्थिति रहेगी।

आज महत्वपूर्ण आयोजन की सफलता के लिये चित्रगुप्त महापरिवार के संरक्षक जयशंकर जयपुरियार, लाल बहादुर शास्त्री सेवा समिति के अध्यक्ष संजय सिन्हा, चित्रगुप्त महापरिवार बोकारो जिला के मुख्य सलाहकार अरुण सिन्हा, आयोजन समिति के अध्यक्ष रमण सिन्हा, संयुक्त महासचिव अनल कुमार, संयोजक कुमोद कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष ललित वर्मा, जिला महासचिव भैया प्रीतम, कार्यकारी अध्यक्ष रतनलाल, कोषाध्यक्ष संजय सिन्हा, संयुक्त महासचिव अनूप सिन्हा, ललेश सिन्हा, सह कोषाध्यक्ष राज श्रीवास्तव, वरिष्ठ सदस्य अभय प्रताप श्रीवास्तव, सुरेन्द्र सिन्हा व अन्य की प्रमुख भूमिका है।

## कान्हाचट्टी के तमाशीन जलप्रपात का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



### पर्यटक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण का दिया निर्देश

**चतरा :** उपायुक्त कीर्तिश्री ने शनिवार को कान्हाचट्टी प्रखंड अंतर्गत स्थित प्रसिद्ध तमाशीन जलप्रपात का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्यटन की दृष्टि से उपलब्ध एवं प्रस्तावित व्यवस्थाओं का विस्तृत आकलन किया और पर्यटकों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए।उपायुक्त ने मौके पर उपस्थित स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर क्षेत्र की समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जलप्रपात तक पहुंचने वाले मार्ग में सीढ़ियों की मरम्मत, सुरक्षा प्रबंध, स्वच्छता व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को शीघ्र सुदृढ़ किया जाए, ताकि पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिल सके।उन्होंने यह भी कहा कि तमाशीन जलप्रपात क्षेत्र को एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु समन्वित प्रयास किए जाएं और स्थानीय लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार,प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, कान्हाचट्टी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## नशीला पदार्थ खिलाकर ट्रक उड़ाने वाला गिरोह बेनकाब, एक गिरफ्तार

संवाददाता

**चतरा :** ट्रक चोरी एवं चालकों को नशीला पदार्थ देकर बेहोश करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के खिलाफ चतरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 03 अप्रैल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ क्षेत्र में छापेमारी कर एक संदिग्ध व्यक्ति को चोरी के ट्रक के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ के क्रम में उसकी पहचान आदित्य राज उर्फ आदित्य कुमार उर्फ राजीव रंजन उर्फ मनन चौधरी उर्फ मो। शाहबाज, पिताझ देवनारायण चौधरी, निवासीझ शाहजंगी, थानाझ हबीबपुर, जिलाझ भागलपुर (बिहार) के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर ट्रक चालकों को नशीला पदार्थ खिलाकर उन्हें बेहोश करता था और फिर ट्रक चोरी कर फरार हो जाता



था। उसके पास से 42 नशीली गोलियां, ट्रक का जीपीएस निकालने के उपकरण (प्लास, पेचकस आदि) तथा 17,000 नकद बरामद किए गए हैं। आरोपी ने यह भी खुलासा किया कि वह एखलाक खान, राजेश यादव और टुनु यादव के साथ मिलकर पश्चिम बंगाल और बिहार के विभिन्न थाना क्षेत्रों में इस तरह की कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है। चोरी किए गए ट्रकों को पन्नागढ़ (पश्चिम बंगाल) में बेचा जाता था।पुलिस अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। मामले की गहन जांच जारी है और अन्य संबंधित कांडों से भी तार जोड़कर अनुसंधान किया जा रहा है।आपको बताते चलें कि इस संबंध में सदर थाना कांड संख्या 91/26 (दिनांक 29।03।2026) धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था।चतरा पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में नागरिकों और वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे अनजान व्यक्तियों से सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाना को दें।

# दिन दहाड़े गैस सिलेंडर की चोरी

मेट्रो रेज



**रांची:** नामकुम की हाईटेंशन कॉलोनी में चोरों के हौसले इतने बुलंद दिखे कि उन्होंने दिनदहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर कृष्ण कांत चौधरी के घर में दाखिल हुआ। सबसे पहले उसने वहां रखा गैस से भरा हुआ सिलेंडर उठाया और फरार हो गया। हैरानी तो तब हुई जब वह चोर चंद मिनटों बाद दोबारा उसी घर में वापस लौटा। इस बार उसने उसी मकान में रह रहे किराएदार के खाली सिलेंडर पर हाथ साफ किया और उसे लेकर भी फरार हो गया। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि कैसे बेखौफ होकर चोर एक ही घर को दो बार निशाना बनाता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इलाके में जिस तरह से रसोई गैस की किल्लत और कीमतें बढ़ रही हैं, शायद यही वजह है कि चोर अब घरेलू गैस सिलेंडरों को आसान और कीमती शिकार मान रहे हैं।

# मुक्ति संस्था ने 24 लावारिस शवों का किया अंतिम संस्कार

मेट्रो रेज



**रांची:** मुक्ति संस्था द्वारा आज रविवार को जुमार नदी के तट पर 24 अज्ञात शवों का पूरे विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया । मुक्ति संस्था के सदस्यों ने रिम्स के मोर्चरी गृह से अज्ञात शवों को निकालकर पैक कर जुमार नदी के तट पर लेकर गए। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने अज्ञात शवों को मुखाग्नि दी। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने बताया कि मुक्ति संस्था द्वारा अबतक कुल 2153 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया गया है। अंतिम अरदास परमजीत सिंह टिंकू ने किया। मौके पर संस्था के अन्य सदस्य प्रवीण लोहिया,रवि अग्रवाल संजय गोयल,राहुल जायसवाल,विजय धानुका,सौरभ बथवाल,पंकज खिरवाल,निर्मल मोदी,सुमित अग्रवाल,वीरेंद्र गुप्ता, आदित्य शर्मा,आशीष भाटिया,गौरीशंकर शर्मा,राहुल चौधरी,अरुण कुतरियार,संजय सिंह,नवीन मित्तल,उज्जवल जैन ,राजा गोयनका,अमित अग्रवाल,गोपाल गाड़ोदिया व हरीश नागपाल उपस्थित थे।

## ईस्टर पर आईफा इंटरनेशनल मे रंगारंग कार्यक्रम



मेट्रो रेज

**रांची:** ईस्टर के पावन अवसर पर आईफा इंटरनेशनल रांची द्वारा रविवार को बच्चों के लिए एक रंगारंग ईस्टर एग पेंटिंग गतिविधि का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व निदेशक मोहम्मद साबिर हुसैन ने किया। उन्होंने बच्चों को ईस्टर एग पेंटिंग की कला के बारे में विस्तार से बताया और उन्हें विभिन्न प्रकार के डिजाइन बनाना सिखाया। बच्चों ने अंडों पर विभिन्न प्रकार के आकर्षक और रंग-बिरंगे डिजाइन बनाकर अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में कला के प्रति रुचि बढ़ाना, रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना तथा त्योहारों के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर निदेशक मोहम्मद साबिर हुसैन ने कहा कि कला बच्चों के व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

कार्यक्रम के अंत में बच्चों की रंग-बिरंगी कलाकृतियों ने सभी का मन मोह लिया और यह आयोजन सभी के लिए यादगार बन गया। रूहान, आयाना, हूमरा, मिस्कत, मुनमुन, आयात, महक, मेहरीन, डानियाल, नायरा, अली, शान, एवं एनम ने अपना कलाकार प्रदर्शन किया , शगुफ्ता बानो,शामा का योगदान रहा।

## राज्य के सभी सिविल कोर्ट कल से सुबह 6 बजे से 12 बजे तक चलेंगे




**रांची:** सिविल कोर्ट रांची सहित राज्य के सभी जिला न्यायालयों में छह अप्रैल से मार्निंग कोर्ट चलेगी। यह निर्णय झारखंड हाई कोर्ट के निर्देश के आलोक में लिया गया है।

आदेश के अनुसार, छह अप्रैल से 27 जून तक सभी अदालतों में सुबह की पाली में कामकाज होगा। नई व्यवस्था के तहत कोर्ट की कार्यवाही सुबह सात बजे से दोपहर 12:00 बजे तक चलेगी। जबकि सुबह 9:30 बजे आधे घंटे का लंच का समय रहेगा।

## महापौर रोशनी खलको से मिलकर दी सांत्वना



**रांची:** श्री राम भरत मिलाप समिति के अध्यक्ष रोहित शारदा के नेतृत्व में रांची की महापौर रोशनी खलको जी से मुलाकात कर सांत्वना दी। ज्ञात हो कि विगत कुछ दिनों पूर्व महापौर की माता बॉबी तिर्की का स्वर्गवास का हो गया था। उनके चित्र में पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की किया। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष रोहित शारदा संरक्षक बी के विजय, सरदार अशोक सिंह, पुरुषोत्तम दास, एवं केशव प्रसाद विजयवर्गीय शामिल थे।

# बुंडू में नवरात्रि मेला 19 - 28 अप्रैल तक , नई कमेटी का गठन

संवाददाता



**रांची:** बुंडू में हर साल की तरह इस वर्ष भी बुंडू में नवरात्रि मेला पूरे धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसको लेकर श्री श्री राधा रानी मंदिर परिसर में राधा रानी कमिटी, मौसी बाड़ी कमिटी और आम जनता की संयुक्त बैठक संपन्न हुई।

इस बैठक में मेला की तिथि को लेकर निर्णय लिया गया।तय किया गया कि मेले का आयोजन 19 अप्रैल से 28 अप्रैल तक किया जाएगा। मेला अवधि के दौरान पारंपरिक मान्यताओं का पालन करते हुए मांस, मछली और अंडा का सेवन वर्जित रहेगा।

स्थायी कमिटी के अध्यक्ष गणेश कुम्हार जी के स्वर्गवास के बाद अध्यक्ष का चुनाव किया गया है। नई कमिटी में अरुण जैन, मुख्यसंरक्षक विधायक विकास कुमार मुंडा, मेला संचालन के अध्यक्ष बबलू प्रजापति, उपाध्यक्ष बबलू कुंडू, राजकिशोर कुशवाहा सचिव रोशन महतो, उपसचिव जीतू महतो, कोषाध्यक्ष धनंजय प्रमाणिक, उपकोषाध्यक्ष सौरभ नायक, सदस्य आकाश लायक, राकेश मछुवा, रोहित नायक,बाली उरांव,संजय महतो, पवन राणा,ललित साहू, पिंटू दत्ता, संरक्षक नगर अध्यक्ष जितेंद्र उरांव, नगर उपाध्यक्ष रविन्द्र उरांव, बुंडू प्रमुख राजकुमार बिंझिया, प्रमोद सिंह, ढोलु शर्मा, सूरज प्रकाश भगत, रंजीत लाहेरी, रंजीत मोदक, मुख्य भंडारपाल मनोज कुंडू, सलाहाकर भंडारपाल मोहित नायक, तुलसी भगत चुने गए।

इस मौके पर सभी ने निर्णय लिया की नवरात्रि मेला पूरे शांति, सौदर्य और भाईचारा के साथ मनाने की अपील की।

# बख्तर सॉय व मुंडल सिंह को शहादत दिवस पर दी गयी श्रद्धांजलि



मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची/रायडीह (गुमला):** झारखंड के दो अमर सपूत, बख्तर सॉय एवं मुंडल सिंह का शहादत दिवस गुमला जिला के रायडीह के गढ़ पहाड़ वासुदेव के ऐतिहासिक पहाड़ की तलहटी में पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाई गई। इसमें गुमला के आस पास के हजारों ग्राम वासियों ने भाग लिया। विदित हो कि जब झारखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में पूर्व मध्य प्रदेश की सीमा में रायडीह प्रखंड के जागीरदार बख्तर सॉय और मुंडल सिंह ने इस क्षेत्र को अंग्रेजों से आजाद करने के लिए कड़ा संघर्ष किया और अपने सैनिकों के साथ एक ऐतिहासिक लड़ाई लड़ी। लेकिन अंग्रेजों की गोले बारूद के आगे यह लड़ाई लंबा नहीं चल सका। लेकिन इनके रण कौशल के कारण निर्णायक लड़ाई के दौरान गढ़पहाड़ के नीचे अंग्रेजी पलटन को आने के लिए विवश कर दिया और करीब तीन सौ फीट ऊपर पहाड़ी से चट्टानों को लुढ़काकर अनेक अंग्रेजों और इनके सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया। बाद में अंग्रेजों ने छल पूर्वक दोनों योद्धाओं को गिरफ्तार कर कलकत्ता में फोर्ट विलियम ईस्टर्न कमांड हेडक्वार्टर में चार अप्रैल, 1812 को फांसी दे दिया गया।

इसी शहादत दिवस को मनाने के लिए विशेष रूप से धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रपौत्री चंपा मुंडा, बड़कागढ़ के जागीरदार शहीद विश्वनाथ शाहदेव के प्रत्यक्ष उत्तराधिकारी लाल प्रवीर नाथ शाहदेव, शहीद नीलांबर पीतांबर के वंशज कोमल खेरवार , शहीद मुंडल सिंह के वंशज सावित्री देवी , महेंद्र प्रसाद सिंह , बजरंग सिंह , रामप्रताप सिंह , स्वतंत्रता सेनानी स्व। नागेश्वर प्रसाद के पौत्र रवि दत्त , सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू चक्रवर्ती और सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ कुमार सहित प्रशासनिक अधिकारी और समाज के प्रबुद्ध लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर लोक कला संस्कृति विभाग द्वारा शहीदों के सम्मान में गीत संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

# शॉर्ट सर्किट से लोहे की दुकान में लगी आग ,मची अफरा-तफरी

## फायर ब्रिगेड ने पाया काबू, लाखों का नुकसान



**रांची :** राजधानी रांची के व्यस्ततम कोकर इंडस्ट्रियल एरिया में शनिवार की शाम आगजनी की एक बड़ी घटना सामने आई है, जिसमें एक लोहे की दुकान जलकर स्वाहा हो गई। जानकारी के अनुसार, औद्योगिक क्षेत्र स्थित अश्विनी स्टील नामक प्रतिष्ठान में अचानक आग लग गई, जिसने कुछ ही पलों में विकराल रूप धारण कर लिया। इस भीषण अग्निकांड में दुकान के अंदर रखे महत्वपूर्ण व्यवसायिक दस्तावेज, फाइलें और लाखों रुपये मूल्य के महंगे फर्नीचर जलकर राख हो गए। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गयी।

शॉर्ट सर्किट है आग की बड़ी वजहः प्रारंभिक जांच और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने की मुख्य वजह बिजली का शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। शाम के समय जब दुकान में कामकाज चल रहा था, तभी अचानक बिजली के तारों से उठी चिंगारी ने फर्नीचर को अपनी चपेट में ले लिया। पल भर में ही कोकर इंडस्ट्रियल एरिया धुएं की चादर में लिपट गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है, अन्यथा शनिवार की शाम व्यस्त क्षेत्र होने के कारण बड़ा संकट खड़ा हो सकता था।

फायर ब्रिगेड की तत्परता से टला बड़ा हादसाः स्थानीय लोगों और दुकान के कर्मचारियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्काल घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। यदि दमकल की गाड़ियां समय पर नहीं पहुंचतीं, तो आग पास के अन्य गोदामों और फैक्ट्रियों तक फैल सकती थी, जिससे बड़ा नुकसान संभव था। फिलहाल, दुकान के मालिक नुकसान का आकलन करने में जुटे हैं और सदर थाना पुलिस भी मामले की जांच कर रही है।

# झारखंड की खूबसूरती के कायल हुए मशहूर उद्योगपति आनंद महिंद्रा ,सोशल मीडिया पर बांधे तारीफों के पुल



**रांची:** देश के मशहूर उद्योगपति आनंद महिंद्रा इन दिनों झारखंड की प्राकृतिक सुंदरता से काफी प्रभावित नजर आए। उन्होंने पश्चिमी सिंहभूम जिले के मेघातुबुरु हिल स्टेशन की तस्वीरें शेयर कर इसकी जमकर तारीफ की है।

**बादलों की पहाड़ी जरूर देखें:** प्रसिद्ध उद्योगपति आनंद महिंद्रा झारखंड की खूबसूरती के कायल हो गए हैं। उन्हें मेघातुबुरु हिल स्टेशन बहुत पसंद आया, जिसे बादलों की पहाड़ी भी कहा जाता है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस जगह की कुछ शानदार तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा कि लोग छुट्टियों के लिए अक्सर गोवा, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान जैसे मशहूर स्थानों के बारे में ही सोचते हैं, लेकिन झारखंड भी बेहद खूबसूरत है।

**झारखंड में पर्यटन सुविधाएं अभी सीमित हैं :** महिंद्रा ने बताया कि उन्होंने ये तस्वीरें ोस्ट में देखीं। करीब 4300 फीट की ऊंचाई पर स्थित यह हिल स्टेशन सारंडा वन के बीच बसा है, जो 700 पहाड़ियों से घिरा हुआ है। यहां का सूर्यास्त, झरने और हरियाली लोगों को मंत्रमुग्ध कर देती है। यह जगह अभी भी काफी हद तक भीड़-भाड़ से दूर और अनछुई है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड में पर्यटन सुविधाएं अभी सीमित हैं। यहां बहुत कम रिसॉर्ट हैं और ज्यादातर गेस्टहाउस ही उपलब्ध हैं।

झारखंड के बारे में और जानकारी लेते हुए महिंद्रा को पता चला कि यहां नेतरहाट का खूबसूरत सूर्योदय, बेतला राष्ट्रीय उद्यान, देवघर का प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग और रांची के आसपास के झरने जैसे कई आकर्षक स्थान हैं। इसके बावजूद झारखंड को अभी तक पर्यटन के लिहाज से उतनी पहचान नहीं मिली है। महिंद्रा का मानना है कि समझदार यात्रियों के लिए यहां घूमने के कई शानदार विकल्प मौजूद हैं, बस इन्हें सही तरीके से प्रचारित करने की जरूरत है।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



नाम–इफतेखार साई, उम्र–30 वर्ष, उंचाई–5 फीट, रंग–सॉवला, पहनावा–मटियाला रंग का फुल पैंट एवं फीका गुलाबी रंग का गंजी पहने हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति मो0 इफतेखार साई, उम्र–30 वर्ष पिता–स्त्तरीफ साई, सा0–राजा बाजार नवनी हाट, थाना–हंसडीहा, जिला–दुमका जो दिनांक–05.03.2026 को रिम्स अस्पताल से बगैर बताए कहीं चले गए है जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जिसके संबंध में बरियातु–14/2026, दिनांक–28.03.2026 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)**

पुलिस उपाधीक्षक, सदर, राँची। –9431706160
थाना प्रभारी, बरियातु, राँची। –9431706161

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR 376651 (Police) 26-27 (D)


## स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाने की तैयारी

# झारखंड में 70 करोड़ रुपये की लागत से बनेंगे 800 नए शौचालय



**रांची:** सरकार ने राज्य में स्वच्छता बढ़ाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत 70 करोड़ रुपये की लागत से 800 नए शौचालय बनाए जाएंगे। इनमें से 700 सामान्य शौचालय होंगे और 100 सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालय व यूरिनल शामिल होंगे। ये शौचालय राज्य के सभी 48 नगर निकायों में बनाए जाएंगे।

**नगर विकास एवं आवास विभाग ने इस अभियान में पांच मुख्य गतिविधियों पर ध्यान देने का फैसला किया है:**

नागरिक भागीदारी और जागरूकता बढ़ाना,खुले में शौच मुक्त स्थिति बनाए रखना,अपशिष्ट प्रबंधन और नई परियोजनाओं का क्रियान्वयन, एक लाख से कम आबादी वाले छोटे शहरों में फिकल स्लज प्रबंधन

**स्वच्छता से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण काम**

इस योजना में करीब 10 करोड़ रुपये नागरिक जागरूकता और पहुंच बढ़ाने पर खर्च किए जाएंगे। इसके तहत मोहल्ला सभाओं, स्कूलों और सार्वजनिक जगहों पर अभियान चलाकर लोगों को कचरा प्रबंधन और स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा। छोटे शहरों में फिकल स्लज और इस्तेमाल किए गए पानी का वैज्ञानिक तरीके से उपचार किया जाएगा। इससे सेप्टिक टैंक और गंदे पानी से निकलने वाले अपशिष्ट का सुरक्षित शोधन सुनिश्चित होगा। इस पर भी लगभग 10 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस अभियान का उद्देश्य झारखंड में स्वच्छता को जन-आंदोलन का रूप देना और सभी नागरिकों को स्वच्छ जीवन के लिए जागरूक करना है।

# क्या गर्मी में आप भी रहते हैं चिड़चिड़े और उदास, जानें इसका कारण

**बढ़ते तापमान और 'हीट-स्ट्रेस' का सीधा संबंध हमारे मानसिक स्वास्थ्य से है। जब शरीर खुद को ठंडा रखने के लिए संघर्ष करता है, तो दिमाग में 'सेरोटोनिन' (खुशी का हार्मोन) का स्तर गिर जाता है और 'कोर्टिसोल' (तनाव का हार्मोन) बढ़ जाता है।**

**आ**जकल तापमान में गर्माहट तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में अनेक ऐसी समस्याएं हैं जो गर्मी शुरू होते ही बढ़ जाती हैं। त्वचा की समस्या से लेकर मौसमी बीमारियों तक, हर समस्या अपने आप में गंभीर है। आपने कई लोगों से सुना होगा या आपके साथ भी ऐसा होता होगा कि गर्मी में आप बहुत ज्यादा चिड़चिड़े और उदास रहते हैं, वह भी बिना किसी कारण के।

इसे सामान्य समझकर टालें नहीं। कहीं न कहीं यह छोटी सी समस्या, जिसे आप आम समझकर टाल रहे हैं, आपको बड़े खतरे में डाल सकती है। आइए जानते हैं कि ऐसा किन कारणों से होता है और आप इस समस्या से कैसे बच सकते हैं?



**तापमान बढ़ते ही चढ़ता है पारा (गुस्सा) :** हेल्थ जनरल के अनुसार, जब तापमान बढ़ता है तो हमारा 'सिम्पैथेटिक नर्वस सिस्टम' सक्रिय हो जाता है। इसके कारण हमारी हार्ट बीट बढ़ जाती है, बहुत तेज पसीना आने लगता है और बिना बात के ही गुस्सा आने लगता है।

**सेरोटोनिन घटने से बढ़ती है उदासी :** धूप और गर्मी का सीधा संबंध हमारे मूड को कंट्रोल करने वाले न्यूरोट्रांसमीटर 'सेरोटोनिन' से है। अत्यधिक गर्मी के कारण नींद पूरी नहीं होती जिससे दिमाग को आराम नहीं मिलता। यही थकान धीरे-धीरे समर डिप्रेशन का रूप ले लेती है।

**सड़क पर बढ़ता रोड रेज और गर्मी का तालमेल :** आपने गौर किया होगा कि दोपहर की तपती धूप में ट्रैफिक जाम होने पर लोग जल्दी आपा खो देते हैं। रिसर्च बताती है कि तापमान में हर 1 डिग्री की बढ़ोतरी के साथ हिंसक व्यवहार और चिड़चिड़ेपन में 3% से 5% तक का इजाफा होता है। जहाँ गर्मी तेज होती है, यह व्यवहार और भी गंभीर हो सकता है।

**बचाव के तरीके-**

-घर की दीवारों या पर्दों में हल्के नीले या ठंडे रंगों का प्रयोग करें।

-गुलाब या चंदन के तेल की कुछ बूंदें रूमाल पर रखें, इनकी खुशबू गुस्से को शांत करती है।

- चाय और कॉफी की जगह बेल का शरबत या छाछ लें।

कब गंभीर हो जाते हैं ये साइलेंट संकेत?

-छोटी बात पर अचानक जोर से चिल्लाना।

-निर्णय लेने में भ्रम होना।

-भीड़भाड़ वाली जगह से अचानक घबराहट महसूस होना।


किन बीमारियों का संकेत हो सकते हैं ये लक्षण?

हाइपरथायरायडिज्म ,इलेक्ट्रोलाइट इम्बैलेंस ,क्लिनिकल डिप्रेशन और एंग्जायटी ,कार्डियोवैस्कुलर बीमारियां ,क्रोनिक किडनी डिजीज डिस्क्लेमरः इस लेख में दी गई जानकारी का उद्देश्य केवल रोगों और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता लाना है। यह किसी क्वालिफाइड मेडिकल ओपिनियन का विकल्प नहीं है। इसलिए पाठकों को सलाह दी जाती है कि वे कोई भी दवा, उपचार या नुस्खे को अपनी मर्जी से न आजमाएं, बल्कि इस बारे में संबंधित एक्सपर्ट या डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें।

# दिल के मामले में बढ़ी सख्ती, कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल के लिए जारी हुई नई गाइडलाइन

**अमेरिकी हृदय विशेषज्ञों ने कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करने के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। अब डॉक्टर सिर्फ खून की रिपोर्ट के नंबर नहीं देखेंगे, बल्कि आपकी उम्र और लाइफस्टाइल के आधार पर इलाज करेंगे। नई रिसर्च के अनुसार, सही खान-पान और एक्सरसाइज अब इलाज का सबसे बड़ा हिस्सा हैं।**

**आज** के समय में बदलती हुई जीवनशैली और खराब कोलेस्ट्रॉल साइलेंट किलर बन चुका है। हाल ही में अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन ने कोलेस्ट्रॉल मैनेज करने के लिए नई गाइडलाइन जारी की हैं। इन नियमों का मकसद हार्ट अटैक और स्ट्रोक के खतरों को शुरूआती स्टेज पर ही रोकना है। आइए जानते है दिल की बीमारियों में बढ़ती इस सख्ती से कैसे इनको कम किया जा सकता है और कोलेस्ट्रॉल के लिए जारी हुई नई गाइडलाइन में क्या-क्या शामिल है?




**1.कोलेस्ट्रॉल रिस्क के आधार पर होगी जांच**

पहले केवल यह देखा जाता था कि कोलेस्ट्रॉल कितना बढ़ा हुआ है। लेकिन अब डॉक्टर यह देखेंगे कि आपकी उम्र क्या है, क्या आपको शुगर है या आपके परिवार में किसी को दिल की बीमारी रही है। इस पर्सनलाइज्ड रिस्क के आधार पर ही तय होगा कि आपको दवा की जरूरत है या सिर्फ परहेज से काम चल जाएगा।

**2.खराब कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) पर ध्यान**

नए नियमों में खराब कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल के लेवल को और भी कम रखने की सलाह दी गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि शरीर में छउछ जितना कम होगा, दिल की धमनियों में ब्लॉकेज होने का खतरा उतना ही कम रहेगा। खास तौर पर उन लोगों के लिए जो पहले से ही दिल के मरीज हैं।

**3.कैल्शियम स्कैन**

अगर कोलेस्ट्रॉल की रिपोर्ट से स्थिति साफ नहीं होती, तो अब कैल्शियम स्कैन कराने पर जोर दिया जा रहा है। यह टेस्ट बता देता है कि आपकी नसों के अंदर कचरा (प्लाक) जमना शुरू हुआ है या नहीं। इससे समय रहते हार्ट अटैक को रोका जा सकता है।

**4.नई दवाएं**

जिन लोगों को पुरानी दवाओं (जैसे स्टैटिन) से फायदा नहीं हो रहा या जिनके शरीर पर उनका बुरा असर पड़ रहा है, उनके लिए अब नए तरह के इंजेक्शन और दवाओं को मंजूरी दी गई है। ये नई तकनीक शरीर से कोलेस्ट्रॉल को बाहर निकालने में ज्यादा मददगार साबित हो रही हैं।

कोलेस्ट्रॉल से बचने के उपाय

-रोजाना कम से कम 30-40 मिनट तेज पैदल चलें।

- रिफाइंड कार्ब्स का सेवन बंद कर दें।

-स्मोकिंग और शराब से दूर रहें।

# बेडरूम में रखी ये 7 चीजें छीन रही हैं आपका सुकून, आज ही इन्हें निकालें बाहर

**हेल्दी** और फिट बने रहने के लिए अच्छी डाइट के साथ ही अच्छी नींद भी बेहद जरूरी होती है। आजकल बढ़ती जागरूकता की वजह से लोग अपनी नींद का खास ख्याल रखते हैं, लेकिन फिर भी अनजाने में कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं जिनका सीधा असर उनकी नींद पर पड़ता है। इसलिए आज के इस लेख में हम ऐसी 7 चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें बेडरूम में नहीं रखना चाहिए। हमारा बेडरूम वह जगह है जहां हम दिन भर की थकान मिटाकर सुकून की नींद लेना चाहते हैं। ऐसे में अगर हम अपने कमरे को फालतू चीजों से भर देते हैं, तो नींद खराब होने लगती है। अगर आप चाहते हैं कि बेडरूम में घुसते ही आपको अच्छा फील हो और रात को बढ़िया नींद आए, तो इन चीजों को तुरंत बाहर निकाल दें।



**गैजेट्स :** ज्यादातर लोगों को अपने बेडरूम में लैपटॉप, टैबलेट और टीवी जैसे पसंदीदा गैजेट्स रखना पसंद होता है। ऐसे में जब लोग सोने जाते हैं, तो न चाहते हुए भी इनका इस्तेमाल करने लगते हैं, जिससे नींद उड़ जाती है। इसलिए ऐसी सभी चीजों को आज ही अपने बेडरूम से निकाल दें। इसके अलावा, सोने से ठीक पहले मोबाइल चलाने से भी परहेज करें, क्योंकि मोबाइल से निकलने वाली लाइट हमारे दिमाग को सोने नहीं देती। फोन को खुद से दूर रखें ताकि बार-बार नोटिफिकेशन चेक करने की आदत छूटे और आप चैन से सो सकें।

**ऑफिस का काम और फाइलें:** आज के समय में कई लोग ऑफिस का काम घर ले आते हैं और अपने बेडरूम को ही ऑफिस बना लेते हैं। बिस्तर पर बैठकर काम करने या कमरे में फाइलें रखने से दिमाग हमेशा काम के तनाव में रहता है। बेडरूम को सिर्फ रिलैक्स करने की जगह रखें। लैपटॉप और ऑफिस बैग को कमरे के बाहर रखें या किसी अलमारी के अंदर बंद करके रखें।

**बिखरा सामान :** अच्छी नींद पर इस बात का भी असर पड़ता है कि आपका कमरा कैसा दिखता है। अगर आपके कमरे के एक कोने में कपड़ों का ढेर है या बेड के नीचे पुराना सामान भरा हुआ है, तो इसे देख कर दिमाग में उलझन बनी रहती है। जितना हो सके कमरे को खाली और साफ रखें। जो चीजें काम की नहीं हैं, उन्हें फेंक दें या स्टोर रूम में डाल दें।

# लिपस्टिक टेस्टर लगाने से पहले रुकें! कहीं आप अनजाने में लाइलाज बीमारी तो नहीं ला रहीं घर?



**बाजार** या मॉल में शॉपिंग करते वक्त मेकअप की दुकानों पर सजी रंग-बिरंगी लिपस्टिक और कॉस्मेटिक्स देख कर किसी भी महिला का मन ललचा जाता है। हम अक्सर बिना सोचे-समझे शेड चेक करने के लिए टेस्टर को सीधे अपने होंठों पर लगा लेते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि यह छोटी सी लापरवाही आपको रोग दे सकती है? हाल ही में एक महिला को सिर्फ स्टोर में लिपस्टिक टेस्टर इस्तेमाल करने की वजह से हर्पीज जैसा खतरनाक वायरस हो गया।

**क्या है पूरा मामला? :** एक महिला ने कॉस्मेटिक स्टोर में जाकर कॉमन लिपस्टिक टेस्टर का इस्तेमाल किया, जिसके कुछ समय बाद उसे अपने होंठों के पास अजीब से छाले और दर्द महसूस होने लगा। डॉक्टर की जांच में पता चला कि उसे हर्पीज सिम्प्लेक्स वायरस (एचएसवी-1) हो गया है।

डॉक्टरों के अनुसार, यह वायरस तब फैलता है जब आप किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आते हैं। लिपस्टिक टेस्टर के मामले में, अगर किसी संक्रमित व्यक्ति ने उसे पहले इस्तेमाल किया हो, तो वायरस उस लिपस्टिक की सतह पर बना रहता है। जब दूसरा व्यक्ति उसे लगाता है, तो वह आसानी से उसके शरीर में प्रवेश कर जाता है।

# परिवार की धड़कन मजबूत करते हैं रिश्तों की जड़ें

**आज** के समय में जब जीवन बहुत तेज हो गया है और हर कोई अपने काम में व्यस्त है, ऐसे में परिवार के बुजुर्ग यानी दादा-दादी और नाना-नानी केवल रिश्तेदार नहीं होते, बल्कि वे परिवार की असली नींव होते हैं। उनका अनुभव, उनका स्नेह और उनका साथ बच्चों के जीवन को गहराई से प्रभावित करता है। वे परिवार में भावनात्मक मजबूती, परंपराओं की निरंतरता और जीवन की समझ को आगे बढ़ाने का काम करते हैं।

**भावनात्मक सुरक्षा की मजबूत नींव :** दादा-दादी और नाना-नानी बच्चों को ऐसा प्यार देते हैं जिसमें कोई शर्त नहीं होती। यह निस्वार्थ प्रेम बच्चों के मन में सुरक्षा और अपनापन पैदा करता है। जब बच्चे यह महसूस करते हैं कि कोई उन्हें बिना किसी अपेक्षा के समझता और स्वीकार करता है, तो उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। वे अपने मन की बातें खुलकर कह पाते हैं और भावनात्मक रूप से मजबूत बनते हैं। आज के दौर में जब माता-पिता काम की वजह से अक्सर व्यस्त रहते हैं, तब बुजुर्गों की मौजूदगी बच्चों को स्थिरता और सुकून देती है। उनका शांत स्वभाव और धैर्य बच्चों को मानसिक संतुलन बनाए रखने में मदद करता है।



अनुभव और सीख का खजानाः बुजुर्गों के पास जीवन का लंबा अनुभव होता है। उन्होंने कई उतार-चढ़ाव देखे होते हैं, इसलिए वे बच्चों को धैर्य, सहनशीलता और सही-गलत की समझ सिखा सकते हैं। उनकी कहानियाँ केवल मनोरंजन नहीं होतीं, बल्कि उनमें जीवन के महत्वपूर्ण संदेश छिपे होते हैं। जब दादा-दादी अपने बचपन या संघर्षों की बातें साझा करते हैं, तो बच्चे जीवन की असली कीमत समझते हैं। इससे उनमें मुश्किल हालात का सामना करने की क्षमता विकसित होती है, जिसे हम मानसिक दृढ़ता या रेज़िलिएंस कह सकते हैं।

**संस्कार और परंपराओं का संचार :** हर परिवार की अपनी परंपराएं और संस्कार होते हैं। इन्हें आगे बढ़ाने में बुजुर्गों की अहम भूमिका होती है। त्योहारों की कहानियां, पारिवारिक रीति-रिवाज, लोकगीत और पारंपरिक व्यंजन ये सब बच्चों को उनकी जड़ों से जोड़ते हैं। बुजुर्ग बच्चों को यह सिखाते हैं कि परिवार और समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है। इससे बच्चों में सम्मान, करुणा और सहानुभूति जैसे गुण विकसित होते हैं।

संवाद और समझ का सुरक्षित स्थानः अक्सर बच्चे अपने माता-पिता से कुछ बातें कहने में झिझकते हैं, लेकिन वे अपने दादा-दादी या नाना-नानी से आसानी से दिल की बात साझा कर लेते हैं। बुजुर्ग ध्यान से सुनते हैं, बिना डांटे या दबाव डाले समझाने की कोशिश करते हैं। उनका यह व्यवहार बच्चों में आत्म-सम्मान और भरोसा बढ़ाता है। बच्चे यह महसूस करते हैं कि उनकी भावनाएँ महत्वपूर्ण हैं और उन्हें समझा जा रहा है।

बदलती दुनिया में स्थिरता का सहाराः आज की दुनिया में प्रतिस्पर्धा, पढ़ाई का दबाव और तकनीक का बढ़ता प्रभाव बच्चों पर मानसिक दबाव डालता है। ऐसे समय में दादा-दादी और नाना-नानी एक शांत और सुरक्षित माहौल प्रदान करते हैं। उनका स्नेह और मार्गदर्शन बच्चों को तनाव से बाहर निकलने में मदद करता है। वे बच्चों को यह सिखाते हैं कि असफलता भी जीवन का हिस्सा है और हर कठिनाई के बाद एक नई शुरूआत होती है। परिवार में बुजुर्ग केवल उम्र में बड़े लोग नहीं होते, बल्कि वे भावनात्मक मजबूती, संस्कार और अनुभव के स्तंभ होते हैं। उनकी मौजूदगी से बच्चों को आत्मविश्वास, प्यार और जीवन की सही दिशा मिलती है। इसलिए, हर परिवार को अपने बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए और उनके साथ समय बिताना चाहिए, क्योंकि वही परिवार की असली ताकत और आने वाली पीढ़ियों के मार्गदर्शक होते हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# एक सौ दिवसीय टीबी कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा

संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के मंडरो प्रखंड स्थित पीएचसी मंडरो सभागार में सी एच ओ बीटीई एएनएम, , एवं सहिया साथी की समीक्षा बैठक का आयोजन डॉ. किरण माला, डीआर सीएच ओ, साहिबगंज की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय करना था। बैठक के दौरान फरवरी 2026 एवं मार्च 2026 माह के एच एम आईएस डेटा की समीक्षा की गई। जबकि मार्च 2026 के यू-विन डेटा का संस्थानवार विश्लेषण किया गया। इसके साथ ही एचपीवी गार्डासिल टीकाकरण योजना एवं 100-दिवसीय टीबी कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई।एचपीवी गार्डासिल टीकाकरण योजना लक्षित आयु वर्गः 14 से 15 वर्ष विशेष अभियान सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में लक्षित लाभार्थियों की पहचान टीकाकरण के दौरान यु- डब्ल्यू ई एन पोर्टल पर रियल-टाइम एंट्री सुनिश्चित करने का निर्देश दिया




गया ' एच एम आईएस रिपोर्टिंग को सुदृढ़ करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स को सीएच एस एनडी सत्रों में यु डब्ल्यू ई एन- पोर्टल के उपयोग एवं साइट विजिट के लिए प्रशिक्षित किया गया। सभी संबंधित पदाधिकारियों को जियोटैग उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु हेडकाउंट सर्वे को गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपन्न करने के निर्देश दिए गए, ताकि ड्यू-लिस्ट के अनुसार सभी लाभार्थियों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सके। इसके लिए प्रत्येक पोषक क्षेत्र में सहिया, सहिया साथी एडएनडएम एवं सीएचओ की टीम बनाकर सर्वेक्षण कार्य करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रमुख संकेतकों जैसे सीएच एस एनडी सत्र , जन्म के समय वजन, एवं 100% टीबी नोटिफिकेशन को पूर्ण रूप से सैचुरेट करने पर विशेष जोर दिया गया। सभी सी एच ओ को इन संकेतकों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए समय-समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।बैठक में चिकित्सा पदाधिकारी, आरसीएच कार्यालय सहायक, बीपीएमयू टीम, एसटीएस, सीसीएच, सीएचओ, एएनएम, बीटीटी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। जेएस एल जिला समन्वयक एवं डब्केल्यू एच ओ फील्ड मॉनिटर उपस्थित थे तथा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

न्यूज IN ब्रीफ

## जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य बोरियो का किया निरीक्षण



**साहिबगंज/बोरियो :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ किरण माला ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान डॉ किरण माला ने प्रसव केन्द्र प्रसव के दौरान गर्भवती महिलाओं एवं बच्चा को मिलने वाली सुविधाओं का हाल चाल जाना।उपस्थित एएनएम से प्रसव की जानकारी ली।इसके बाद प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने नियमित टीकाकरण के तहत कोल्ड चेन सिस्टम मेनटेनेंस साफ -सफाई को देखा डॉ किरण माला ने कहा कि सभी एएनएम को एसबीए प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी एएनएम साहिया, साहिया साथी एवं सीएचओ से हेड काउंट सर्वे कराने की बात कही।ताकि लोगों में बिमारियों का पता चल सके।मौके पर जिला आरसीएच कार्यालय के सहायक आदित्य कुमार,बीपीएम विष्णु कुमार भगत फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार, राधेश्याम,एएनएम रिंकू कुमारी,आशा कुमारी,सहित स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## अगले वर्ष से दो नए खेल खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में जुड़ जाएंगे



**साहिबगंज :** प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स छत्तीसगढ़ में प्रदर्शनी खेल कबड्डी में शानदार प्रदर्शन करने वाली प्रीति ने अपने स्कूल मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय पहुंच स्कूल की प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी व अन्य शिक्षकों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया।सभी ने प्रीति को गुलदस्ता भेंट कर उसे बधाई दी।प्रीति ने बताया कि इस वर्ष कबड्डी एवं मलखंभ को बतौर प्रदर्शनी खेल के रूप में शामिल गया।जिसके कारण इनके पदक को राष्ट्रीय मुख्य पदक मैडल टैली तालिका में नहीं जोड़ा जा सका।अगले वर्ष संभवतःदोनों खेल खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में जुड़ जाएंगे।जिसके बाद सरकार से दी जाने वाली सुविधाएं,जैसे सर्टिफिकेट,कैश अवॉर्ड, छात्रवृति सम्मान का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।मौके पर शिक्षिका सरिता कुमारी मौजूद थी।

## गांव में करीब 200 से अधिक किसान खीरे की खेती कर रहे हैं



**साहिबगंज/बरहेट :** प्रखंड अंतर्गत गोपलाडीह गांव में इन दिनों खीरे की खेती जोरों पर है।यहां उपजने वाला देशी खीरा न सिर्फ स्थानीय बाजारों में बल्कि कोलकाता सहित बंगाल बिहार और अन्य राज्यों तक भेजा जा रहा है।गांव के किसान खीरे की खेती से अच्छी आमदनी कर रहे हैं।जिससे पलायन पर भी रोक लगी है।गांव के किसान दिनेश कुमार ने बताया कि गोपलाडीह से प्रतिदिन लगभग 200 क्विंटल खीरा विभिन्न राज्यों में सप्लाई किया जाता है।यहां से व्यापारी खेतों से ही 15 रुपये प्रति किलो के भाव से खीरा खरीदते हैं और मंडियों व बाजारों में 40 से 50 रुपये प्रति किलो तक बेचते हैं।उन्होंने बताया कि गांव में करीब 200 से अधिक किसान खीरे की खेती कर रहे हैं। सिंचाई के लिए गुमानी नदी का सहारा लिया जाता है और सप्ताह में एक बार खेतों में पानी देना पड़ता है।यहां का खीरा स्वाद में काफी बेहतर होता है, जिसकी बाजार में अच्छी मांग है।खीरे की बढ़ती मांग को देखते हुए दूर-दराज से बड़े व्यापारी गाड़ियों के साथ गांव पहुंचते हैं।खेतों में खीरा तोड़ने के लिए मजदूर लगाए जाते हैं।अप्रैल से शुरू होकर मई-जून के अंत तक चलने वाले इस सीजन में किसानों का करोड़ों रुपये का कारोबार हो जाता है।खीरे की खेती ने यहां के किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।खेती से जहां अच्छी आय हो रही है,वहीं रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं,जिससे पलायन पर काफी हद तक रोक लगी है।

## जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कल : राजकुमार यादव

**साहिबगंज :** सकरीगली रेलवे स्टेशन के सामने लोडिंग प्लॉट के बगल में झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के जिला महामंत्री मोहम्मद इमाम विश्वास की अध्यक्षता में रेलवे रैक लोडिंग मजदूर एवं प्रतिष्ठान के बीच में मजदूरी दर से उत्पन्न विवाद निबटारा हेतु बैठक आयोजित हुई।इस बैठक में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव व केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव उपस्थित हुए।बैठक मे मजदूरों ने बताया कि उन्हें लोडिंग मे 4100 मिलता है प्रतिष्ठा के द्वारा कार्य स्थल को 5 फीट गड्ढा कर देने से हम मजदूरों के सामने परेशानी हो रही है पांच मजदूर मिलकर एक बक्सा को लोड करते थे गड्ढा हो जाने से 8 मजदूर लगेगा।ऐसी स्थिति में प्रत्येक वेगन का रेट 8000 होना चाहिए।इसी मांग को लेकर मार्च माह से प्रतिष्ठा के द्वारा मनमाना रवैया अपना कर जेसीबी से लोड करवाते हैं जो श्रम कानून का उल्लंघन है।वही केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा की प्रतिष्ठान मनमाने ढंग से काम नहीं कर सकती है श्रमिकों की सुविधा का ख्याल करते हुए श्रम कानून के तहत पालन करना चाहिए 24 घंटा के अंदर समस्या का समाधान नहीं होता है तो आगामी 6 अप्रैल को जिला समाहरणालय कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित कर उपायुक्त से मिलकर मजदूरों से संबंधित मांग पत्र सौपेंगे।मौके पर रणधीर चौरसिया बबलू रजक,विजय यादव सहित संगठन के कई लोग मौजूद थे।

## समाज में अत्यंत आदरणीय व्यक्तित्व के रूप में प्रतिष्ठित थे विजय भारती के निधन से शोक की लहर

संवाददाता

**साहिबगंज :** पावन धरती पर साहित्यिक चेतना और सृजनशीलता को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण योगदान दिए। वे बेहद मिलनसार और विनम्र स्वभाव के कारण समाज में अत्यंत आदरणीय व्यक्तित्व के रूप में प्रतिष्ठित थे।विजय भारती जी का जीवन साहित्य-साधना को समर्पित रहा। वे निरंतर सृजन में सक्रिय रहते हुए नई पीढ़ी को प्रेरित करते रहे। उनका सहज व्यवहार, स्नेहपूर्ण दृष्टिकोण और सभी के प्रति सम्मान का भाव उन्हें विशिष्ट बनाता था।उनका असामयिक निधन एक गहरी क्षति है। जिसकी पूर्ति संभव नहीं है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों एवं शुभचिंतकों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।
विजय कुमार भारती पिता स्मृतिशेष परशुराम
जन्मतिथि -29अगस्त 1954 रेल सेवा से अवकाश प्राप्त 01.07.2016 को पत्राचार का



पता -झरना कालोनी, राजेन्द्र नगर, संध्या महाविद्यालय के निकट, साहिबगंज, झारखण्ड सम्प्रति-संस्थापक आरण्यक काव्य मंच, साहिबगंज, झारखंड उपाध्यक्ष एवं प्रभारी संथाल परगना प्रमंडल, अखिल भारतीय साहित्य परिषद, झारखण्ड प्रदेश.संरक्षक केन्द्रीय सचिवालय हिंदी परिषद, साहिबगंज महामंत्री राष्ट्रीय भोजपुरी संस्थान,झारखण्ड प्रदेश मध्यस्थ जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज झारखण्ड सम्मान राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार और उल्लेखनीय हेतु मंडल रेल प्रबंधक पूर्व रेलवे मालदा, महा प्रबंधक राजभाषा विभाग पूर्व रेलवे कोलकाता एवं रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड राजभाषा नई दिल्ली द्वारा 2010 में सम्मानित प्रथम रेल राजभाषा सारथी, पूर्व रेलवे, मालदाक्षसोल इंडिया भागलपुर एवं कौशल्या ज्योति ट्रस्ट द्वारा साहिबगंज गौरव सम्मान से 07मई 2017 को सम्मानित।साहित्यिक परिवार मयूराक्षी, दुमका द्वारा भोजपुरी साहित्यकार मधुसूदन मधु के सम्मान से 14सितम्बर 2021 कोसम्मानित केंद्रीय सचिवालय हिंदी परिषद, पूर्व रेलवे, हावड़ा द्वारा राजभाषा गौरव से 1 अगस्त 2022 को सम्मानित ,अखिल भारतीय साहित्य परिषद झारखंड प्रदेश द्वारा भोजपुरी भाषा के लिए सर्वभाषा साहित्यकार सम्मान समारोह में 14 अप्रैल 2024 को तुलसी भवन जमशेदपुर में सम्मानित किया गया।

## मासिक लोक अदालत एवं राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजन को लेकर हुई बैठक

संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज श्री अखिल कुमार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज द्वारा आगामी 25 अप्रैल 2026 को मासिक लोक अदालत के साथ एनआई एक्ट परक्राम्य लिखत अधिनियम हेतु विशेष लोक अदालत तथा 9 मई 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर प्राधिकार के सचिव श्री विश्वनाथ भगत ने जिले के प्रशासनिक, बैंक एवं वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की।बैठक में बताया गया कि लोक अदालतों में एनआई एक्ट चेक बाउंस से संबंधित मामलों सहित धन वसूली,बिजली-पानी बिल, भरण-पोषण,श्रम, आपराधिक शमनीय अपराध, मोटर दुर्घटना, वैवाहिक, भूमि अधिग्रहण, उपभोक्ता एवं बीमा विवादों का निपटारा किया जाएगा। वहीं, स्थायी लोक अदालत में परिवहन, संचार, चिकित्सा एवं बीमा जैसी सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं से जुड़े मामलों का आपसी समझौते के आधार पर समाधान किया जाएगा। प्राधिकार द्वारा विभिन्न न्यायालयों में लंबित समझौता योग्य मामलों की पहचान कर पक्षकारों को नोटिस भेजे जा रहे हैं। साथ ही शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। मामलों के सौहार्दपूर्ण समाधान हेतु मध्यस्थों की सेवाएं ली जा रही हैं तथा पैरा लीगल वॉलंटियर्स-न्याय मित्र सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। प्राधिकार के सचिव ने बताया कि इच्छुक पक्षकार अपने मामलों के समाधान हेतु सीधे व्यवहार न्यायालय, साहेबगंज एवं अनुमंडल व्यवहार न्यायालय, राजमहल स्थित विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। प्राधिकार ने आमजन से अपील की है कि वे लोक अदालत में भाग लेकर सुलभ एवं त्वरित न्याय का लाभ उठाएं प्री-लिटिगेशन एवं न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहीबगंज अनुमंडल विधिक सेवा समिति, राजमहल में आवेदन किया जा सकता है। सहायता हेतु मोबाइल नंबर 9471521725 पर संपर्क किया जा सकता है।

## सोनारी में हेमंत सोरेन की सभा को लेकर तैयारियां तेज

**साहिबगंज :** असम विधानसभा चुनाव 2026 के मद्देनजर प्रदेश में चुनावी माहौल पूरी तरह गरमा गया है और झारखंड मुक्ति मोर्चा झामुमो भी इस चुनाव में अपनी पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर चुका है।महागठबंधन के सभी घटक दल भाजपा को परास्त करने के लिए एकजुट होकर रणनीति के तहत प्रचार अभियान को धार दे रहे हैं।इसी क्रम में सोनारी विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी बलदेव तेली के समर्थन में रविवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जनसभा प्रस्तावित है।जनसभा को लेकर तैयारियों का जायजा लेने के लिए झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद एवं झामुमो के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने सभा स्थल का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कार्यक्रम को सफल और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।असम चुनाव में पंकज मिश्रा की सक्रियता लगातार देखने को मिल रही है।सभा स्थल निरीक्षण से लेकर जनसंपर्क अभियान तक,वे हर स्तर पर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हैं।उनकी मौजूदगी और लगातार क्षेत्र में सक्रियता से झामुमो कार्यकताओं में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है,जिससे पार्टी की चुनावी रणनीति को मजबूती मिल रही है।

## प्रेरणा दी जरूरतमंदों को मदद करें और आपस में प्रेम भाव सद्भावना बनाए रखें : फादर टॉम

संवाददाता

**साहिबगंज :** आज कैथोलिक चर्च में स्टार संडे पर विशेष प्रार्थना सभा प्रमोद फादर टॉम सिस्टर नमिता सिस्टर किरण सिस्टर मार्श सिस्टर बिना सिस्टर अंकित सिस्टर शालिनी ब्रदर विनोद मार्शल सिस्टर जोसेफ आज हजारों लोगों ने संडे पर शामिल होकर विशेष प्रार्थना सभा में शामिल होकर यीशु के बताए हुए मार्ग पर चलने के के लिए सभी को प्रेरणा दी जरूरतमंदों को मदद करें और आपस में प्रेम भाव सद्भावना बनाए रखें फादर ने चर्च के फादर ने सभी को जीने की मार्ग को बताते हुए किस किस राह पर चलना है। और सभी को संबोधित किया यह सारी बातें फादर मत्स्य हेमराम उपस्थित दशकों में जेम्स इक्का ईसा मसीह के मृत्यु के बाद क्रॉस पर से जी उठाना उसे पर शनिवार को देर रात्रि का जागरण प्रोग्राम किया गया। इसमें समस्त जीवित होने पर यह सारी बातें जेम्स एक्का ने बताया प्रभु ईसा मसीह क्रॉस पर से पुनः जीवित होने पर खुशी का प्रोग्राम शनिवार देर रात तक चला उसने फादर सिस्टर ब्रदर ईसाई धर्म को मानने वाले हजारों अनुवाई देर रात तक ईसा मसीह के होने पर खुशियां मनाएं सुबह रविवार को स्टार संडे स्टार रविवार मना कर प्रार्थना सभा कर कार्यक्रम का समाप्त किया गया। यह सारी बात इन फादर मध्य समाराम चर्च के फादर नेम पूरा गिरजाघर मोमबत्ती के रोशनी से जगमगा रहा था। और इसमें हजारों साल वालों ने भाग लिया। शुक्रवार से लेकर आज तक पास संडे का पाव निशा पूजा क्रिस्टल संडे या क्रिस्टल रविवार का है।आज तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन हुआ है देर रात तक हर्ष उल्लास के साथ कार्यक्रम चला रहा क्योंकि प्रभु ईसा मसीह को क्रॉस पर चढ़ने के बाद पुनः जी उठा इसके लिए पास संडे मनाया जा रहा है।

## ट्राइबल गेम्स के रजत पदक जीत साहिबगंज लौटने पर एमानुएल का हुआ स्वागत

### देश भर से भाग ले रहे 25 राज्यों में उभरकर आए एमानुएल किस्कू

संवाददाता

**साहिबगंज :** खेल और युवा मामले भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 25 मार्च से 03 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ के बस्तर जिला अंतर्गत जगदलपुर शहर में संपन्न प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स प्रतियोगिता के एथलेटिक्स स्पर्धा 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ में रजत पदक जीत व 110 मीटर हर्डल्स में चौथे स्थान पर रह जगदलपुर से भाया रांची वनांचल एक्सप्रेस से साहेबगंज लौटने पर साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर फूल,माला,मिठाई खिलाकर एमानुएल किस्कू का जोरदार स्वागत किया गया।ज्ञात हो कि खेल विभाग द्वारा जिले के सिदो कान्हु स्टेडियम,साहेबगंज में संचालित आवासीय बालक एथलेटिक्स



प्रशिक्षण केंद्र के प्रतिभावान खिलाड़ी 15 वर्षीय एमानुएल किस्कू प्रशिक्षक योगेश यादव के नेतृत्व में अभ्यास करते हुए।स्कूल नेशनल अंडर 14 एथलेटिक्स,रांची 2025 में 4 गुणा 100 मीटर रिले में कांस्य पदक,हर्डल्स में चतुर्थ,पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स रांची में हर्डल्स में कांस्य,जूनियर नेशनल एथलेटिक्स अंडर 16 प्रतियोगिता,भुनेश्वर में रिले में चतुर्थ, हर्डल्स में छठा,स्कूल नेशनल अंडर 17 एथलेटिक्स,लखनऊ में हर्डल्स में पांचवा स्थान पर रहे थे।इसके पूर्व खेल विभाग द्वारा एवं ए एफ आई द्वारा रांची में फरवरी माह 2026 में आयोजित प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के कठिन चयन उपरांत एमानुएल किस्कू संथाल परगना से एथलेटिक्स पुरुष वर्ग में एक मात्र प्रतिभागी के रूप में झारखंड टीम में शामिल किए गए।साहेबगंज के लिए खेलो इंडिया में एमानुएल किस्कू के द्वारा जीता गया पहला पदक था।जिसके बदौलत झारखंड एथलेटिक्स पुरुष टीम देश भर में दूसरे एवं ओवर चैंपियनशिप में तीसरे स्थान पर रही।मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला खेल पदाधिकारी कुमार हर्ष,जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार यादव,सचिव माधव चंद्र घोष,कोषाध्यक्ष संतोष उर्फ टिंकू,जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अधिवक्ता ओम ततसत,कोषाध्यक्ष निमाई चौधरी,जिला साइक्लिंग संघ के उपाध्यक्ष विकास गुप्ता,सुनील यादव,जिला कबड्डी संघ के बिरेंद्र कुमार एवं आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षु एवं प्रशिक्षक समेत अन्य मौजूद रहे।

# पीएम मोदी ने द केरला स्टोरी को लेकर विपक्ष को घेरा, फिल्म को दिया अपना समर्थन

**विपुल** अमृतलाल शाह द्वारा प्रोड्यूस और कामाख्या नारायण सिंह के डायरेक्शन में बनी ह्यद केरला स्टोरी 2ः गोज बियॉन्ड ने देशभर में रिलीज होते ही वाकई में हलचल मचा दी। फिल्म ने अपनी रिलीज के साथ ही गहरा प्रभाव छोड़ा और अपनी कहानी के दम पर मजबूती से खड़ी रही, जिससे पूरे देश में नई बहस छिड़ गई। फिल्म का असर साफ दिख रहा है, क्योंकि नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए इसका जिक्र किया और उन पर ऐसी कहानी वाली फिल्मों को गुमराह करने वाला या झूठा बताने का आरोप लगाया।

फिल्मों के इर्द-गिर्द झूठी बातें फैलाने के लिए विपक्ष पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, वे झूठ बोलने में माहिर हैं। जब ह्यद केरला स्टोरी आई, तो उन्होंने कहना शुरू कर दिया कि सब कुछ झूठ है। जब द कश्मीर फाइल्स आई, तो उन्होंने कहना शुरू कर दिया कि सब कुछ झूठ है। जब धुरंधर फिल्म आई, तो उन्होंने कहना शुरू कर दिया कि सब कुछ झूठ है।

द केरला स्टोरी केरल की उन महिलाओं की कहानी है जिन्हें चरमपंथी संगठनों में भर्ती होते दिखाया गया है, और यह फिल्म मुख्य रूप से कट्टरपंथ और शोषण




के मुद्दों पर आधारित है। फिल्म में किए गए बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने और किसी खास समुदाय को निशाना बनाने के दावों पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने आपत्ति जताई थी। कामाख्या नारायण सिंह के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म कन्नड़ और तेलुगु भाषाओं में भी रिलीज हुई है। यह उल्का गुप्ता, अदिति भाटिया और ऐश्वर्या ओझा द्वारा निभाए गए तीन हिंदू लड़कियों के किरदारों की दिल दहला देने वाली कहानी को सामने लाती है। इनकी जिंदगी तब एक भयानक मोड़ लेती है जब उन्हें तीन मुस्लिम लड़कों से प्यार हो जाता है, और फिर धीरे-धीरे उन रिश्तों के पीछे छिपा धर्म परिवर्तन का एक सोचा-समझा एजेंडा सामने आता है। ह्यद केरला स्टोरी 2- गोज बियॉन्ड का प्रोडक्शन विपुल अमृतलाल शाह ने सनशाइन पिक्चर्स के बैनर तले किया है। यह फिल्म 27 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

## 'धुरंधर' की कामयाबी के पीछे है रणवीर सिंह की जबरदस्त मेहनत मेकअप आर्टिस्ट ने खोला राज



**मेकअप** और प्रोस्थेटिक आर्टिस्ट करणदीप सिंह ने धुरंधरः दि रिवेंज के क्लाइमेक्स की शूटिंग के दौरान की मुश्किलों और कड़ी मेहनत के बारे में खुलकर बात की है। करणदीप सिंह ने सेट के अपने अनुभवों को शेयर करते हुए रणवीर सिंह के कमाल के डेडिकेशन की तारीफ की और बताया कि कैसे उस हाई-ऑक्टेन सीक्वेंस को शूट करने के लिए एक्टर ने शारीरिक और मानसिक तौर पर गजब का जज्बा दिखाया। करणदीप ने याद करते हुए कहा कि हम लुधियाना के बाहरी इलाके में शूटिंग कर रहे थे और तापमान लगभग 47 से 48 डिग्री के आसपास था। वहां दूर-दूर तक एक भी पेड़ या छांव नहीं थी। उन्होंने बताया कि आसपास की हर मेटल की सतह से गर्मी निकल रही थी।

एक तरफ गाड़ियां थीं, दूसरी तरफ कंटेनर और पास में ही मालगाड़ियां खड़ी थीं। हम इस सबके बिल्कुल बीच में शूटिंग कर रहे थे। करणदीप ने कहा कि फाइट सीक्वेंस के दौरान रणवीर एक कंटेनर से दूसरे कंटेनर पर कूद रहे थे। गर्मी की वजह से वो कंटेनर सच में तप रहे थे। हम हर दिन रणवीर पर जितना खून इस्तेमाल करते थे, वो यकीन के बाहर था। हमने एक हफ्ते में खून की पूरी बाल्टी खत्म कर दी थी। उन्होंने बताया कि पंखे और एसी वहां थे, लेकिन गर्मी इतनी थी कि कुछ भी काम नहीं कर रहा था। इतनी तपिश थी कि हम ठीक से खाना तक नहीं खा पा रहे थे। एक विग का अपना वजन और गर्मी होती है, उसे 47 डिग्री में पहनना बिल्कुल वैसा ही है जैसे ऊनी टोपी पहनना। इन सब बातों से जो सबसे बड़ी बात सामने आती है, वो है अपने काम के लिए रणवीर सिंह का जबरदस्त समर्पण।

47-48 डिग्री की भयंकर गर्मी में फिजिकली थका देने वाले एक्शन सीन्स करना, ऊपर से भारी पठानी सूट, लैदर जैकेट और ओवरकोट जैसे लेयर्ड कपड़े पहनना और कई दिनों तक प्रोस्थेटिक्स और नकली खून की परेशानी सहना, रणवीर पूरी तरह फिल्म में डूबे रहे और उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस के साथ कभी कोई समझौता नहीं किया। यह लगातार मेहनत अब फिल्म की जबरदस्त कामयाबी में साफ दिख रही है। धुरंधरः दि रिवेंज भारत में 1000 करोड़ का आंकड़ा पार करने की कगार पर है और यह ऐतिहासिक बेंचमार्क हासिल करने वाली इकलौती हिंदी फिल्म बनने के लिए तैयार है। इस कामयाबी के केंद्र में रणवीर सिंह हैं, जिनकी परफॉरमेंस को हाल के समय की सबसे दमदार और प्रभावशाली परफॉरमेंस में से एक माना जा रहा है। जैसे-जैसे रिकॉर्ड्स टूट रहे हैं, एक बात तो साफ है रणवीर सिंह सिर्फ ब्लॉकबस्टर फिल्में ही नहीं दे रहे, बल्कि अपनी बेमिसाल लग्न, डिसिप्लिन और एक्सीलेंस से नए स्टैंडर्ड्स सेट कर रहे हैं।

## खुशी कपूर ने जह्नावी के रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया को कहा आई लव यू, बर्थडे पोस्ट ने मचाई हलचल

,7

**खुशी कपूर** ने अपनी बहन जान्हवी कपूर के रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया को बेहद खास अंदाज में जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। खुशी ने सोशल मीडिया पर एक प्यारी तस्वीर शेयर करते हुए उनके लिए खास मैसेज लिखा, जो सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में है।

खुशी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शिखर के साथ अपनी एक क्यूट फोटो शेयर की। इस तस्वीर में दोनों एक-दूसरे को गले लगाए नजर आ रहे हैं। फोटो पोलरॉइड स्टाइल में दिखाई दे रही है, जिसे क्लिपबोर्ड पर चिपका हुआ दिखाया गया है। इस तस्वीर के साथ खुशी ने लिखा, मेरे फेवरेट इंसान को हैप्पी बर्थडे, आई लव यू। उनका यह पोस्ट फैंस का ध्यान खींच रहा है।


म्मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जान्हवी कपूर और शिखर पहाड़िया काफी समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि





दोनों ने अभी तक अपने रिश्ते को आधिकारिक रूप से स्वीकार नहीं किया है, लेकिन कई मौकों पर दोनों को साथ देखा गया है। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें और वीडियो भी अक्सर सामने आते रहते हैं, जिससे उनके रिश्ते की खबरें लगातार चर्चा में रहती हैं।

खुशी कपूर ने साल 2023 में फिल्म द आर्चीज से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। वह श्रीदेवी और बोनी कपूर की छोटी बेटी हैं। इसके बाद वह फिल्म नादानियां में इब्राहिम अली खान के साथ नजर आईं। वहीं जान्हवी कपूर धड़क, गुंजन सक्सेना, मिली और बावाल जैसी फिल्मों में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखा चुकी हैं। शिखर पहाड़िया, वीर पहाड़िया के भाई और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुशील कुमार शिंदे के पोते हैं। खुशी, जान्हवी, शिखर और वीर को अक्सर साथ में समय बिताते देखा जाता है और चारों के बीच काफी अच्छी दोस्ती बताई जाती है।




## नमित मल्होत्रा की 'रामायण' ने जीता अरबों का दिल, देशभर के 14 शहरों में गूंजा 'राम' का नारा

'रामायण' को अभी से 2026 का सबसे बड़ा सिनेमाई इवेंट माना जा रहा है और पूरी दुनिया में इसे लेकर भारी उत्साह है। नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म को नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज, 8 बार के ऑस्कर विजेता डेंग और यश के मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स के साथ मिलकर तैयार किया गया है। इसे दो हिस्सों वाले एक भव्य ग्लोबल स्पेक्टेकल के रूप में देखा जा रहा है। हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर मेकर्स ने भगवान राम की एक झलक दिखाई, जिसने देखते ही देखते दुनियाभर में चर्चा छेड़ दी। इसे जबरदस्त रिस्पॉन्स तो मिला ही, साथ ही प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने दर्शकों के रिएक्शन को भी कैप्चर किया है, जो वाकई में दीवानगी की हद तक है।

अपने सोशल मीडिया पर प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने देश भर से दर्शकों के रिएक्शन्स की एक झलक शेयर की। जब इस झलक को देशभर के 14 शहरों में दिखाया गया, तो इसने वाकई अरबों दिलों को छू लिया, और हर तरफ बस एक ही एहसास गूँज रहा था- 'राम'। कैप्शन में लिखा हैः

1 4 शहर। 5 मंदिर। अरबों दिल। हर जगह बस एक ही एहसास गूँजा। रामा।



## अब हम तीन हो गए, रश्मिका की इंस्टाग्राम पोस्ट वायरल

**साउथ** सुपरस्टार रश्मिका मंदाना और एक्टर विजय देवरकोंडा ने 26 फरवरी को उदयपुर में धूमधाम से शादी की। एक्ट्रेस रश्मिका और विजय देवरकोंडा की शादी को डेढ़ महीना हुआ है। इसी बीच अब कपल का एक पोस्ट ने उनके फैंस को तगड़ा सरप्राइज दिया है। रश्मिका मंदाना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जो वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में विजय और रश्मिका जैसी दिखने वाली मूविंग ग्राफिक्स नजर आ रहे हैं। उनके पास एक खूबसूरत पीले रंग का फूल भी नजर आ रहा है। वहां मूविंग रेड हार्ट इमोजी भी दिखाई दे रहा है।

ये पीले रंग का फूल रश्मिका को कभी अपनी तरफ खींच रहा था, तो कभी उनके गाल पर किस कर रहा था। इसके साथ रश्मिका ने अब हम तीन हो गए लिखकर व्हाइट हार्ट इमोजी भी लगाई है। रश्मिका मंदाना की इस पोस्ट पर फैंस कमेंट कर उनके प्रेग्नेंट होने के कयास लगा रहे हैं। कमेंट कर लोग पूछ रहे हैं क्या रश्मिका मां बनने वाली हैं।

## पहली लुक ने बढ़ाई एक्साइटमेंट ! सयारा के बाद आहान पांडे की नई फिल्म का हुआ ऐलान



**यश राज** फिल्म और निर्देशक अली अब्बास जफर की सुपरहिट जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाका करने के लिए तैयार है। अपनी पहली फिल्म सयारा से दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाले आहान एक बड़े स्तर की एक्शन-रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे। निर्देशक अली अब्बास जफर ने आज सोशल मीडिया के जरिए इस नए प्रोजेक्ट की आधिकारिक घोषणा करते हुए अहान पांडे का पहला लुक साझा किया, जिसने देखते ही देखते फैंस के बीच उत्साह बढ़ा दिया है। इस फिल्म का निर्माण यश राज फिल्म के बैनर तले हो रहा है, जिसे फिलहाल 'प्रोडक्शन नंबर 79' का नाम दिया गया है। फिल्म की शूटिंग आज से औपचारिक रूप से शुरू हो गई है, जिसकी जानकारी अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर एक क्लैप बोर्ड की तस्वीर साझा करते हुए दी। अहान पांडे का जो लुक सामने आया है, वह काफी प्रभावशाली और गंभीर है। छोटे बालों और गहरे हाव-भाव के साथ वह एक इंटेंस अवतार में नजर आ रहे हैं, जिससे यह साफ है कि वह इस बार एक अलग शैली में खुद को परखने वाले हैं। दिलचस्प बात यह है कि यह अली अब्बास जफर और आदित्य चोपड़ा की साथ में पांचवीं फिल्म होगी। इससे पहले यह जोड़ी 'मेरे ब्रदर की दुल्हन', 'गुंडे', सुल्तान और टाइगर जिंदा है जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में इंडस्ट्री को दे चुकी है। अहान की इस नई पारी को लेकर न केवल प्रशंसक बल्कि बॉलीवुड जगत के सितारे भी काफी उत्साहित हैं। अर्जुन कपूर ने इस लुक को 'मास' करार दिया है, जबकि हितेन तेजवानी और रजत बेदी जैसे कलाकारों ने भी टीम को शुभकामनाएं दी हैं।

## आईपीएल 2026ः श्रेयस अय्यर ने दूसरी बार दोहराई गलती, बीसीसीआई ने ठोका भारी जुर्माना



**चेन्नईः** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर जुमार्ना लगाया गया है, क्योंकि उनकी टीम ने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच नंबर 7 के दौरान धीमी ओवर-रेट बनाए रखी। चूंकि आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह उनकी टीम का इस सीजन का दूसरा अपराध था जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है झ्र इसलिए अय्यर पर 24 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया। प्लेइंग क के बाकी सदस्यों पर, जिसमें इम्पैक्ट प्लेयर भी शामिल है, या तो 6 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत जुमार्ना लगाया जाएगा; इन दोनों में से जो भी कम होगा, वही लागू होगा।

## आईपीएल 2026 : राजस्थान ने अंतिम 2 ओवर में पलटी बाजी, रोमांचक मैच में गुजरात को हराया

**एजेंसी/ अहमदाबादः** आईपीएल 2026 का नौवां मैच शनिवार को राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच खेला गया। राजस्थान रॉयल्स ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट खोकर 210 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंसने फाइट दिखाई, लेकिन टीम 8 विकेट खोकर 204 रन ही बना सकी। राजस्थान ने यह मैच 6 रन से जीत लिया राजस्थान के लिए ध्रूव जुरेल ने 75 और यशस्वी जायसवाल ने 55 रन बनाए। इम्पैक्ट प्लेयर रवि





बिश्नोई ने 4 विकेट लिए।

नांद्रे बर्गर और रियान पराग को 1-1 विकेट मिला। गुजरात से साई सुदर्शन ने 73 रन बनाए, लेकिन उन्हें बाकी बैटर्स का साथ नहीं मिला। कगिसो रबाडा ने 2 विकेट लिए। 211 रन के टारगेट के सामने गुजरात ने 10 ओवर के बाद 101 रन पर 1 ही विकेट गंवाया था। 11वें ओवर में साई सुदर्शन 73 रन बनाकर आउट हो गए। 15 ओवर तक टीम ने 161 रन पर 7 विकेट गंवा दिए। यहां से राशिद खान और कगिसो रबाडा ने 4 ओवर में 39 रन बना दिए।

ईरान से तेल कार्गो के डायवर्जन की खबरें गलत

# मोदी सरकार ने दावों को तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक बताया



**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने शनिवार को उन खबरों और सोशल मीडिया दावों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण ईरान का कच्चा तेल भारत के वाडिनार से चीन भेज दिया गया। सरकार ने इन दावों को तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक बताया है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि हाल ही में आई रिपोर्ट्स, जिनमें कहा गया कि भारत को भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण ईरान से आने वाले तेल की एक खेप को नुकसान हुआ, पूरी तरह गलत हैं।

सरकार ने कहा कि भारत 40 से ज्यादा देशों से कच्चा तेल आयात करता है और तेल कंपनियों को अपने व्यावसायिक जरूरतों के अनुसार किसी भी सप्लायर से तेल खरीदने की पूरी स्वतंत्रता होती है।

मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, ईरानी कच्चे तेल के एक कार्गो को भारत के वाडिनार बंदरगाह से भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण चीन की ओर मोड़े जाने की खबरें और सोशल मीडिया पोस्ट तथ्यात्मक रूप से पूरी तरह गलत हैं।

पोस्ट में आगे कहा गया है, भारत 40 से अधिक देशों से कच्चे तेल का आयात करता है, जिसमें कंपनियों को व्यावसायिक विचारों के आधार पर विभिन्न स्रोतों और भौगोलिक क्षेत्रों से तेल प्राप्त करने की पूरी छूट है।

यह स्पष्टीकरण उन रिपोर्ट्स के बाद आई है, जिनमें दावा किया गया था कि अमेरिकी प्रतिबंधों के तहत प्रतिबंधित एक टैंकर, जिसका नाम पिंग शुन है और जो ईरानी कच्चे तेल को ला रहा था, ने गुजरात के वाडिनार से अपना मार्ग बदलकर चीन के डोंगयिंग की ओर कर लिया।

शिप ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, जहाज पहले भारत की ओर आ रहा था, लेकिन बाद में उसने अपनी मंजिल बदल ली, जिससे यह अटकलें लगाई जाने लगीं कि भुगतान की समस्या के कारण ऐसा हुआ। कुछ बाजार विश्लेषकों ने यह भी कहा था कि सख्त भुगतान शर्तें इस बदलाव की वजह हो सकती हैं। हालांकि, सरकार ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि ईरान से तेल आयात में कोई भुगतान संबंधी बाधा नहीं है और इस तरह की खबरें भ्रामक हैं।

मंत्रालय ने यह भी भरोसा दिलाया कि मध्य पूर्व में चल रहे सप्लाई संकट के बावजूद भारतीय रिफाइनरियों ने आने वाले महीनों के लिए कच्चे तेल की जरूरत पहले ही सुनिश्चित कर ली है, जिसमें ईरान से सप्लाई भी शामिल है।मंत्रालय ने कहा, तेल व्यापार के तरीके को समझे बिना जहाज के रूट बदलने को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। बिल ऑफ लैंडिंग में अक्सर संभावित गंतव्य लिखा होता है और समुद्र में जहाज अपनी मंजिल व्यापारिक जरूरतों और ऑपरेशनल कारणों से बदल सकते हैं। एलपीजी सप्लाई को लेकर आई अलग-अलग खबरों पर भी सरकार ने कहा कि वे रिपोर्टें गलत थीं।

सरकार ने पुष्टि किया कि सी बर्ड नाम का एलपीजी जहाज, जो करीब 44 हजार मीट्रिक टन ईरानी एलपीजी लेकर आया था, 2 अप्रैल को मैंगलोर पहुंच चुका है और फिलहाल अपना माल उतार रहा है।

पेट्रोल-डीजल और एलपीजी पर सरकार का बयान

## देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार, घबराहट में अधिक खरीददारी न करें लोग

**नई दिल्ली:** सरकार ने एक बार फिर से देश के नागरिकों से पेट्रोल-डीजल या एलपीजी की पैनिक बायिंग यानी घबराहट में खरीददारी न करने की अपील की है। सरकार ने जारी बयान में कहा है कि अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से जुड़ी रुकावटों के बावजूद देश में ईंधन की सप्लाई पर्याप्त और सुचारू बनी हुई है। इसमें भरोसा दिलाते हुए कहा गया है कि पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स से लेकर कुकिंग गैस तक बिना रुकावट के मिल रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार को सरकार की ओर से नागरिकों से पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की घबराहट में खरीददारी करने से बचने की अपील की गई।




पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकार पेट्रोलियम उत्पादों और कुकिंग गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठा रही है। पैनिक बायिंग से बचने की अपील करने के साथ ही मंत्रालय की ओर से साफ हिदायत दी गई कि सिर्फ आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें और ऊर्जा बचाएं। बयान में साफ कहा गया कि सरकार ने घरेलू एलपीजी और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सप्लाई को खासतौर पर घरों, अस्पतालों और अन्य जरूरी सेवाओं के लिए प्राथमिकता पर रखा है। इसके अलावा रिफाइनरी प्रोडक्शन बढ़ाकर डिमांड को मैनेज करने के लिए उपाय लागू किए गए हैं। इनमें एलपीजी रिफिलिंग के बीच के समय को बढ़ाना भी शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तेल-गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ लगातार एक्शन जारी है।

वैध पहचान पत्र दिखाकर मिलेगा पांच किलो का सिलेंडरः सरकार ने प्रवासी मजदूरों और छात्रों को राहत देते हुए उनकी रसोई गैस की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए कहा है कि वे वैध पहचान पत्र दिखाकर एलपीजी वितरक से पांच किलो का सिलेंडर ले सकते हैं, इसके लिए उनके पास पते का प्रमाण पत्र होना जरूरी नहीं है।

## अप्रैल की सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठंड चलेगा बारिश-हिमपात का दौर



**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश में अप्रैल महीने की सर्द हवाओं ने फिर से राज्य में ठंडक बढ़ा दी है। बीते 24 घंटों के दौरान राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा बर्फबारी होने और राज्य के कई जिलों में बारिश व ओलावृष्टि और तेज तूफान ने मौसम का मिजाज बदल दिया है। मौसम विभाग ने आने वाले एक हफ्ते तक प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में गरज-चमक, तेज हवाओं और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। शिमला सहित राज्य के कई हिस्सों में ऑरेंज अलर्ट के बीच शनिवार को भी जमकर बर्फबारी हुई। शिमला के ऊपरी इलाकों में भारी ओलावृष्टि से कुछ समय के लिए सडकें सफेद हो गईं। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में लाहुल-स्पीति के गोंधला में 13 सेंटीमीटर और केलांग-हंसा में करीब 7.5 सेंटीमीटर ताजा बर्फबारी दर्ज की गई है। इसके अलावा सराहन, धर्मशाला, जोगिंद्रनगर, बिलासपुर, कल्पा, मनाली, स्लैपर और भुंतर समेत कई स्थानों पर अच्छी बारिश हुई है।

शिमला के अलावा मंडी जिला में भी ओलावृष्टि हुई है, जबकि हमीरपुर, सुंदरनगर और अन्य इलाकों में बारिश के साथ तेज हवाएं चलीं। प्रदेश में लगातार हो रही बारिश और बर्फबारी के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य का औसत न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार पांच और छह अप्रैल को भी अलग-अलग स्थानों पर गरज-चमक और तेज हवाओं का दौर जारी रहने की संभावना है। सात और आठ अप्रैल को फिर से तेज हवाओं और ओलावृष्टि की चेतावनी दी गई है, जबकि नौ अप्रैल को भी कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ मौसम खराब रह सकता है। वहीं राज्य में लगातार 10 अप्रैल तक बारिश को दौर जारी रहने के आसार हैं।

किसान-बागबान चिंता मेंः अप्रैल में अचानक लौटी ठंड और बेमौसमी बारिश-ओलावृष्टि से किसानों और बागवानों की चिंता भी बढ़ गई है। निचले क्षेत्रों में गेहूं और मटर की फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है, जबकि ऊंचाई वाले इलाकों में सेब की फ्लावरिंग और नाशपाती की फसल पर ओलावृष्टि का असर पड़ सकता है

## ईरान युद्ध के बीच भारत का मददगार बना आर्मेनिया, अब एस जयशंकर ने जताया आभार

### युद्ध के बीच ईरान में फंसे मछुआरों को निकालने आया आगे



**नई दिल्लीः** पश्चिम एशिया संकट के बीच भारत की मदद के लिए एक छोटा सा देश सामने आया है। आर्मेनिया की सेना ने भारतीय मछुआरों को शनिवार को ईरान से आर्मेनिया होते हुए भारत लाने में सहायता की है। अब विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आर्मेनिया के विदेश मंत्री अरारत मिजोर्यान का धन्यवाद किया है। बता दें तमिलनाडु के सैकड़ों मछुआरे ईरान में फंसे हैं, जिन्हें भारत सरकार जल्द से जल्द निकालने की कोशिश में लगी है। भारत सरकार ने मछुआरों के परिवारों को भरोसा देते हुए कहा कि जल्द से जल्द सभी मछुआरों का रेस्क्यू किया जाएगा। इस बीच कई देश भारत की मदद के लिए आगे आ रहे हैं, जो कि राहत की बात है।

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने एक्स हैंडल पर जानकारी देते हुए लिखा कि भारतीय मछुआरों को शनिवार को ईरान से आर्मेनिया होते हुए भारत लाने में सहायता करने के लिए विदेश मंत्री अरारत मिजोर्यान और आर्मेनिया सरकार को धन्यवाद किया है। बता दें कि तमिलनाडु के 600 से अधिक मछुआरे ईरान में फंसे हुए हैं। इनमें अधिकतर तमिलनाडु के कन्याकुमारी से हैं, जबकि कुछ थूथुकडी, तिरुनेलवेली और रामनाथपुरम जैसे जिला से हैं। भारत के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, 717 छात्रों सहित 1,043 भारतीय नागरिकों को ईरान से भारत वापस लाया गया है और भी लोगों को निकालने की प्रक्रिया चल रही है।

## अमेरिकी मीडिया शांति वार्ता पर ईरान के रुख को गलत तरीके से पेश कर रहा : अराघची



**तेहरानः** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने शनिवार को कहा कि अमेरिका-इजरायल युद्ध के बीच ईरान के रुख को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है और ईरान ने वार्ता के लिए इस्लामाबाद जाने से कभी इनकार नहीं किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, ईरान की स्थिति को अमेरिकी मीडिया गलत तरीके से प्रस्तुत कर रहा है। हम पाकिस्तान के प्रयासों के प्रति आभारी हैं और इस्लामाबाद जाने से कभी इनकार नहीं किया। हमारा ध्यान इस अवैध युद्ध के स्थायी और निर्णायक अंत की शर्तों पर है।

ईरानी विदेश मंत्री ने एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें ईरानी नागरिक पाकिस्तान के झंडे लहराते दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने अपने संदेश का समापन पाकिस्तान जिंदाबाद लिखकर किया। यह बयान उस रिपोर्ट के एक दिन बाद आया है, जिसमें द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने मध्यस्थों के हवाले से कहा था कि पाकिस्तान की अगुवाई में अमेरिका और ईरान के बीच संघर्षविराम कराने के प्रयास फिलहाल ठहराव की स्थिति में पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार ने इस स्पष्टीकरण का स्वागत करते हुए कहा, आपके स्पष्टीकरण की सराहना करता हूं। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंदराबी ने इसे समय पर दिया गया स्मरण बताते हुए कहा कि अटकलों से किसी का लाभ नहीं होता और आधिकारिक बयानों पर ही भरोसा किया जाना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में यह खबरें आई थीं कि तेहरान ने वार्ता प्रस्तावों पर औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है, हालांकि बैक-चैनल स्तर पर बातचीत जारी है। पाकिस्तान ने अमेरिकी, ईरान और चीन के साथ अपने संबंधों का उपयोग करते हुए खुद को शांति प्रक्रिया में एक मध्यस्थ के रूप में स्थापित किया है। हाल ही में पाकिस्तान ने संभावित वार्ता की मेजबानी की पेशकश की थी और चार देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक भी आयोजित की थी। पाकिस्तान और चीन ने 31 मार्च को पश्चिम एशिया में शांति बहाल करने के लिए पांच सूत्रीय पहल भी जारी की, जिसमें तत्काल संघर्ष विराम की मांग की गई।



## कुवैत में वित्त मंत्रालय और तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमले

**दोहाः** कुवैत में रविवार को वित्त मंत्रालय पर ड्रोन से हमला किया गया जिससे इमारत को काफी नुकसान पहुंचा है जबकि शुवैख जिले में एक तेल रिफाइनरी में आग लग गई। हमलों में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। कुना समाचार एजेंसी के अनुसार हमले में मंत्रालय की इमारत को हुए भारी नुकसान के बाद कर्मचारियों को घर से काम करने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले, बुधवार को कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाया था। इस ड्रोन हमले से ईंधन के टैंकों में आग लग गई थी। उल्लेखनीय है कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में विभिन्न ठिकानों पर हमले शुरू किए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान, इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले कर रहा है।

## बैंक खाते से अब नहीं उड़ेंगे पैसे, ओटीपी चुराने वालों के लिए आ गई नई तकनी, हैकर्स के भी उड़ जाएंगे होश



**नई दिल्ली :**तेजी से बढ़ रहे साइबर क्राइम और ऑनलाइन फ्रॉड पर लगाम लगाने के लिए अब एक बेहद हाईटेक तकनीक पर काम चल रहा है। बैंक और टेलीकॉम कंपनियां मिलकर जल्द ही साइलेंट ऑथेंटिकेशन नाम का एक नया सिस्टम लाने वाली हैं, जिसके बाद ओटीपी चोरी होने पर भी जालसाज आपके बैंक खाते में सेंध नहीं लगा पाएंगे। यह नई तकनीक मौजूदा वन-टाइम पासवर्ड का एक मजबूत और सुरक्षित विकल्प बनने जा रही है। फिलहाल यह सिस्टम टेस्टिंग फेज में है और इसके पूरी तरह लागू होते ही साइबर क्रिमिनल्स के सारे हथकंडे फेल हो जाएंगे, क्योंकि बैंक किसी भी संदिग्ध ट्रांजैक्शन को पलक झपकते ही ब्लॉक कर देंगे।

**क्या है साइलेंट ऑथेंटिकेशन? :** इस नई और आधुनिक तकनीक को बैंकिंग सेक्टर के लिए एक्स्ट्रा लेयर ऑफ ऑथेंटिकेशन का नाम दिया जा रहा है। मौजूदा समय में ऑनलाइन पेमेंट या किसी भी ट्रांजैक्शन को पूरा करने के लिए यूजर्स को पासवर्ड के साथ-साथ अपने मोबाइल पर आने वाले ओटीपी को वेरिफाई करना होता है। ऐसे में जालसाज सिम स्वैप या कॉल फॉरवर्डिंग जैसी ट्रिक्स का इस्तेमाल करके लोगों के बैंक अकाउंट आसानी से खाली कर रहे हैं। अगर किसी हैकर के पास आपके कार्ड की डिटेल और मोबाइल नंबर का एक्सेस पहुंच जाता है, तो वह पल भर में आपकी गाढ़ी कमाई उड़ा लेता है। पिछले कुछ महीनों में इस तरह के फ्रॉड के ढेरों मामले सामने आए हैं, जिसमें लोगों को करोड़ों रुपये का चूना लगा है। इसी बड़े खतरे को जड़ से खत्म करने के लिए बैंक और टेलीकॉम कंपनियां इस नए समाधान पर काम कर रही हैं।

**बैकग्राउंड में कैसे काम करेगा यह स्मार्ट सिस्टम? :** रिपोर्ट्स के मुताबिक, साइलेंट ऑथेंटिकेशन तकनीक पूरी तरह से बैकग्राउंड वेरिफिकेशन पर आधारित होगी। इसमें स्क्रीन पर हैकर्स को भनक तक नहीं लगेगी कि बैंक उनके ट्रांजैक्शन पर गुप्त रूप से नजर रख रहा है। इस सिस्टम में असली यूजर की पहचान करने के लिए बैंक अकाउंट और ओटीपी के साथ-साथ मोबाइल डिवाइस की आईडी का भी इस्तेमाल किया जाएगा। जैसे ही बैंक खाते से कोई ट्रांजैक्शन शुरू होगा, बैंक रियल टाइम में यह वेरिफाई कर लेगा कि रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर वाला असली डिवाइस एक्टिव स्टेटस में है या नहीं।

**टेलीकॉम ऑपरेटर देंगे डिवाइस की सटीक जानकारी :** ट्रांजैक्शन के वक्त डिवाइस के एक्टिव स्टेटस की यह सटीक जानकारी टेलीकॉम ऑपरेटर के जरिए सीधे बैंक तक पहुंच जाएगी। इस तरह से बैंक को तुरंत पता चल जाएगा कि जो व्यक्ति ट्रांजैक्शन कर रहा है वह असली ग्राहक है या कोई हैकर किसी अन्य डिवाइस के माध्यम से इसे अंजाम दे रहा है। अगर ट्रांजैक्शन के वक्त असली डिवाइस एक्टिव नहीं मिलता है, तो बैंक तुरंत उस ट्रांजैक्शन को ब्लॉक कर देगा और आपका पैसा सुरक्षित रहेगा। फ्रॉड रोकने के लिए दूरसंचार विभाग की तरफ से भी पिछले काफी समय से इस खास तकनीक पर काम किया जा रहा है।

## ये छोटा सा ट्रेलर, पिक्चर अभी बाकी , आप को लेकर राघव चड्ढा ने फिर जारी किया नया वीडियो



**नई दिल्ली :** राघव चड्ढा को राज्यसभा में उपनेता पद से हटाए जाने के बाद (आप) के भीतर विवाद तेज हो गया है। पार्टी नेताओं और राघव चड्ढा के बीच सामाजिक माध्यमों पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है।

इसी बीच राघव चड्ढा ने अपने आधिकारिक सामाजिक मंच एक्स पर एक वीडियो जारी कर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा, आप में मेरे साथियों के लिए, जिन्हें यह कहते हुए वीडियो जारी करने पर मजबूर होना पड़ा कि राघव चड्ढा संसद में पंजाब के मुद्दे उठाने में नाकाम रहे , यह एक छोटा सा ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है।,

उन्होंने आगे कहा, पंजाब मेरे लिए बातचीत का विषय नहीं है, यह मेरा घर, मेरा कर्तव्य, मेरी मिट्टी और मेरी आत्मा है।

राज्यसभा सदस्य चड्ढा ने पार्टी के शीर्ष नेताओं की आलोचना पर पलटवार करते हुए कहा कि उनके खिलाफ लगाए जा रहे आरोपों का वह जवाब देंगे। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा, जो लोग मुझ पर आरोप लगा रहे हैं, उनके हर झूठ को बेनकाब किया जाएगा। मैं घायल हूं, इसलिए घातक हूं।

उन्होंने संजय सिंह, आतिशी मालेर्ना और सौरभ भारद्वाज जैसे नेताओं द्वारा लगाए गए आरोपों को सुनियोजित हमला बताया। चड्ढा ने कहा कि उनके खिलाफ एक जैसी भाषा का उपयोग किया जा रहा है, जो उन्हें पहले से लिखकर दी गई प्रतीत होती है।

करीब दो मिनट चालीस सेकंड के वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि संसद में आम जनता के मुद्दे उठाना कोई अपराध नहीं है। सदन से बाहर जाने (वाकआउट) के आरोपों पर उन्होंने कहा कि सदन की हर गतिविधि दर्ज होती है और दृश्य अभिलेख सामने आने पर सच्चाई स्पष्ट हो जाएगी। मुख्य चुनाव आयुक्त से जुड़े प्रस्ताव पर हस्ताक्षर नहीं करने के आरोप को भी उन्होंने खारिज किया। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में पार्टी के 10 सदस्यों में से कई ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर नहीं किए थे। चड्ढा ने कहा कि वह संसद में शोर-शराबा करने या अपशब्द कहने के लिए नहीं, बल्कि जनता के मुद्दे उठाने के लिए गए हैं। उन्होंने वस्तु एवं सेवा कर, पानी, पंजाब के जल मुद्दे, दिल्ली की वायु, बेरोजगारी और महंगाई जैसे विषयों को उठाने का दावा किया।

न्यूज IN ब्रीफ

## जनता दरबार का किया गया आयोजन



**देवघर :** जिले के कार्यपालक दंडाधिकारी ओम प्रियदर्शी की अध्यक्षता में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। साथ ही मौके पर जिलास्तर के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे, ताकि ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया जा सके। इसके अतिरिक्त जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को कार्यपालक दंडाधिकारी के समक्ष रखा। साथ ही वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात कार्यपालक दंडाधिकारी श्री प्रियदर्शी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों के निष्पादन की निगरानी की जा सके।

## पलामू जिला कांग्रेस कार्यालय जगजीवन राम की जयंती मनाई गई



**मेदीनीनगर :** पलामू जिला कांग्रेस कार्यालय जगजीवन राम की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों और विचारों को स्मरण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पलामू कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिमला कुमारी ने कहा कि बाबू जगजीवन राम जी सामाजिक न्याय, समानता और समावेशी विकास के प्रतीक थे। उन्होंने जीवन भर वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। आज के दौर में उनके विचार और भी प्रासंगिक हैं, जिन्हें अपनाकर ही एक न्यायपूर्ण समाज की स्थापना की जा सकती है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सत्यानंद दूबे,सत्येंद्र सिंह,गोपाल सिंह,जितेंद्र कमलापुरी,अनिल सिंह,विद्या सिंह चेरो,राजा पाठक,धनंजय पाठक,टिकैत कुमार,गोपाल पासवान,जैनेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और समाज में समता व भाईचारे की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया।

## पलामू के सुप्रसिद्ध कला गुरु एवं प्रख्यात चित्रकार एसएम नैयर का निधन



**मेदिनीनगर :** पलामू के सुप्रसिद्ध कला गुरु एवं प्रख्यात चित्रकार एसएम नैयर का निधन अत्यंत दुःखद और कला-जगत के लिए गहरी क्षति है। दिनांक 5 अप्रैल की प्रातः 6:00 बजे उनका निधन हो गया। उनके प्रस्थान से न केवल पलामू, बल्कि समूचे सांस्कृतिक परिदृश्य में एक गहरा शून्य उत्पन्न हो गया है। श्री नैयर जी ने अपने जीवन को कला-साधना के लिए पूर्णतः समर्पित कर दिया था। उन्होंने हजारों युवाओं को चित्रकला की बारीकियों से परिचित कराया और उन्हें सृजन की नई दृष्टि दी। विशेष रूप से, जरूरतमंद विद्यार्थियों को उन्होंने निःशुल्क चित्रकला की शिक्षा देकर न केवल उनका मार्गदर्शन किया, बल्कि उनके जीवन को एक नई दिशा भी प्रदान की। आज पलामू के अनेक युवा उनकी दी हुई इस कला को अपने जीवन-निर्वाह का आधार बनाए हुए हैं—यह उनके योगदान का जीवंत प्रमाण है।

उनकी चित्रकारी केवल रंगों और रेखाओं का संयोजन नहीं थी, बल्कि समाज को संवेदनशीलता, सौंदर्य-बोध और नई सोच की ओर प्रेरित करने वाली सशक्त अभिव्यक्ति थी। शहर के अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों में सजी उनकी कलाकृतियाँ आज भी उनकी सृजनशीलता और दृष्टि की साक्षी हैं। पलामू सदैव उनके इस अमूल्य योगदान और समर्पण के लिए ऋणी रहेगा।

इप्टा झारखंड परिवार इस अपूरणीय क्षति पर गहरा शोक व्यक्त करता है और शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएँ प्रकट करता है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा परिवार को इस दुःख को सहने की शक्तिदें.

## जनशताब्दी 9 और इस्पात एक्सप्रेस 3 घंटे से ज्यादा लेट

जमशेदपुर : टाटानगर हावड़ा, चांडिल और टाटानगर राउरकेला मार्ग में यात्री ट्रेनों के परिचालन समय में सुधार नहीं हो रहा है। रविवार को हावड़ा बड़बिल जनशताब्दी एक्सप्रेस 9 घंटे से ज्यादा और इस्पात एक्सप्रेस 3 घंटे से ज्यादा लेट है जबकि, मुंबई से गीतांजलि कुर्ला और अहमदाबाद एक्सप्रेस रोज की तरह दो-तीन घंटे लेट से टाटानगर पहुंची। वहीं, बिहार मार्ग की ट्रेनें भी लेट से टाटानगर आती है। यात्रियों एवं अन्य संगठनों का आरोप है कि यात्री ट्रेनों को मालगाड़ी के लिए छोटे स्टेशन या आउटर पर रोक दी जाती है। परेशान यात्रियों द्वारा ट्रेनों के लेट चलने की शिकायत सोशल मीडिया पर करने से रेलवे सुधार का दावा करता है लेकिन चांडिल, राउरकेला या हावड़ा की ओर से आने वाली शायद कोई ट्रेन समय से टाटानगर पहुंचती हो।

# भाजपा ने किया प्रशिक्षण महा अभियान का आयोजन

संवाददाता

**दुमका :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत शनिवार को भाजपा रामगढ़, भतोड़िया और ठाड़ीहाट मंडल का प्रशिक्षण महाअभियान जोगिया उच्च विद्यालय के सामने हॉल में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन मंडल अध्यक्ष नवल किशोर मांझी, महेन्द्र मण्डल, भोला मांझी की सयुंक्त अध्यक्षता में सम्पन्न हुई,जिसमें मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।




कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश मंडल द्वारा विषय प्रवेश के साथ किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सुनील सोरेन का माला एवं पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। बैठक में वक्ता के रूप में उपस्थित भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री रविकांत मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का इतिहास त्याग,तपस्या और राष्ट्रसेवा की भावना से ओत-प्रोत रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण के सशक्त आधार हैं और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को आत्मसात कर अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

पूर्व सांसद एवं नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील सोरेन ने अपने वक्तव्य में कहा कि अंत्योदय से संतृप्ति भाजपा की मूल विचारधारा है और इसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं।

भाजपा नेता सीताराम पाठक ने कार्य विस्तार पर विस्तार से प्रकाश डाला,मनोज पांडेय ने बूथ प्रबंधन एवं मन की बात की महत्ता पर कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया। गोपीनाथ ने सोशल मीडिया,एआई,नमो ऐप एवं सरल ऐप के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी,वहीं रमेश मुर्मू ने वैचारिक कार्य पद्धति विषय पर कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया।

बैठक में उपस्थित सभी कार्यकताओं ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

प्रशिक्षण शिविर में जिला परिषद सदस्य अनीता देवी, जितलाल राय,नलीन मण्डल, जयकान्त मण्डल, सीतराम यादव, , अर्जुन मण्डल, उदित कुंवर,सीताराम मण्डल, दुर्योधन यादव, रामलाल हांसदा, उज्जवल दे, धनंजय पंजवारा, सीताराम मंडल, कामदेव मंडल, प्रेमचंद गुप्ता, ज्योत्स्ना देवी, योगेंद्र कुंवर, सरोज पाल, सुनील सोरेन, सुनील हेमब्रम, अशोक धोवालिया,मनोहर हेमब्रम, निताय मण्डल, रामलाल हांसदा, आलोक मंडल,श्री कांत मण्डल,सुनील हेमब्रम, अशोक धोवालिया,मनोहर हेमब्रम, निताय मण्डल, रामलाल हांसदा, आलोक मंडल,श्री कांत मण्डल समेत सैकड़ो कार्यकर्त्ता मौजूद थे.

## रग्बी चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का नप अध्यक्ष सन्नी उरांव ने किया उद्घाटन



संवाददाता

**चक्रधरपुर :** सिंहभूम स्पोर्ट्स एसोसिएशन मैदान चाईबासा में आयोजित दो दिवसीय 8वीं झारखंड राज्य जूनियन एवं सीनियर रग्बी चैम्पियनशिप 2026 प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। जहां मुख्य अतिथि के रूप में चक्रधरपुर नगर परिषद अध्यक्ष सन्नी उरांव ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस प्रतियोगिता में राज्य के 24 जिला के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया हैं। रग्बी प्रतियोगिता का उद्देश्य झारखंड में इसको बढ़ावा देना तथा उभरते खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना हैं। साथ ही बताया गया कि यहां बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी नेशनल रब्गी प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। जहां वे राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को होगा। मौके पर मुख्य अतिथि सन्नी उरांव ने कहा कि रब्गी ओलंपिक गेम हैं। झारखंड सरकार की ओर से बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मान तथा नौकरी देने का काम किया जा रहा हैं। इसलिए सभी खिलाड़ी लग्न और कड़ी मेहनत के साथ कोई भी प्रतियोगिता को खेले और अच्छा मुकाम हासिल करें। जिससे राज्य के साथ-साथ देश का नाम रौशन होगा। मौके पर काफी संख्या में खिलाड़ी व अन्य लोग उपस्थित थे।

## रक्तदान शिविर लगाने को लेकर सुमिता होता फाउंडेशन की बैठक आयोजित

संवाददाता

**बंदगांव :** कराईकला पंचायत भवन में सुमिता होता फाउण्डेशन के द्वारा 18 अप्रैल को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है .उक्त बातें कराईकेला में बैठक की अध्यक्षता कर रहे सुमिता होता फाउंडेशन के अध्यक्ष सदानंद होता ने कही .उन्होंने कहा कि बंदगांव प्रख्यात ही नहीं पुरे जिला में मानव सेवा के लिए सुमिता होता फाउण्डेशन के द्वारा लोगों के चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास रत रहा है. करोना काल में भी बीमार से ग्रसित लोगों को निरंतर कार्य कर रहा है .उन्होंने कहा कि रात के 12 बजे भी खून मुहैया कराया जाता है .हर दुर्घटना और इलाज कराने में सुमिता होता फाउण्डेशन अहम भूमिका निभाता है . उन्होंने ने कहा कि सुमिता होता फाउण्डेशन के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजित किया जा रहा है .आप क्षेत्र के युवा रक्तदान करने में अपना अग्रणी भुमिका निभायें . मुखिया कुश पूर्ति ने कहा कि क्षेत्र में सुमिता होता फाउण्डेशन का सेवा में हर गांव में पहुंचाया जा रहा है .आज कि बैठक में गांव गांव के युवाओं को रक्तदान करने के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया गया .शिविर में अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने के फायदे के बारे जानकारी देने का निर्णय लिया गया. बैठक में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया मिथुन गगराई, मुखिया कुश पूर्ति, पूर्व मुखिया दुम्बी सुरीन, समाजसेवी समीर पूर्ति, सुरेश चन्द्र पूर्ति, ग्राम मुंडा साधु चरण बोदरा, फाल्गुनी साहू,नितेश मण्डल, वार्ड सदस्य अगस्त बोदरा, राकेश त्रिपाठी, हीरालाल मण्डल,करन प्रधान, सूरज कालिंदी, रवि गोप, गिरधारी महतो, सुखदेव पूर्ति, चुम्बरू पूर्ति समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.



## गढ़वा शहर में चल रहा था अवैध बूचड़खाना, प्रशासन की टीम ने की छापेमारी, भारी मात्रा में अवशेष बरामद



संवाददाता

**गढ़वा :** प्रशासन की टीम ने शनिवार को गढ़वा शहर में अवैध रूप से संचालित बूचड़खाने में छापेमारी की. एसडीएम संजय पांडेय और एसडीपीओ नीरज कुमार के नेतृत्व में भारी सुरक्षा के बीच छापेमारी की गई. इस दौरान ढाई सौ पशुओं की खाल और प्रतिबंधित मांस जब्त किया गया. प्रशासन की टीम ने मौके पर ही खाल और मांस को नष्ट कर दिया. साथ ही अवैध बूचड़खाने को जमींदोज कर दिया. हालांकि इस दौरान बूचड़खाना संचालक मौके से फरार था. एसडीएम को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई. कार्रवाई के लिए एक संयुक्त टीम बनाई गई थी. जिसमें पशुपालन पदाधिकारी, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी, नगर परिषद के अधिकारी, सदर थाने की पुलिस शामिल थी.यह बूचड़खाना गढ़वा शहर के ऊंचरी मोहल्ला में संचालित है. टीम जब मौके पर पहुंची तो वहां के हालात देखकर दंग रह गई. दो अवैध रूप से बने टिन शेड के कमरों में कई सबूत मिले. चारों तरफ पशुओं की हड्डियां, खाल और प्रतिबंधित मांस नजर आ रहा था. प्रशासन की टीम ने एक घंटे तक सर्च अभियान चलाया.

मौके पर मौजूद जिला पशुपालन पदाधिकारी ने प्रारंभिक जांच कर प्रथम दृष्टिया पुष्टि की. जिसके बाद एसडीएम के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई की गई. बरामद अवशेषों को कानूनी प्रक्रिया अपनाते हुए वीडियोग्राफी कराते हुए जमीन में गाड़कर निस्तारित किया गया है और नमूनों को जांच के लिए भेज दिया गया है.

अवैध बूचड़खाना संचालक पर होगी प्राथमिकी

एसडीएम ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए पशुपालन पदाधिकारी, नगर परिषद और थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है. प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई चल रही है. एसडीएम संजय पांडेय और एसडीपीओ नीरज कुमार ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के अनैतिक और गैरकानूनी कारोबार करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई होगी. जांच में तथ्य उजागर होने पर दोषियों पर झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम 2005 के तहत कठोर कार्रवाई होगी.

## अंडर-19 क्रिकेट में ओवरएज खिलाड़ियों को मौका देने पर आक्रोश

संवाददाता

**पश्चिम सिंहभूम :** जिला क्रिकेट टीम से अंडर-19 अंतर जिला टूनामेंट में 26 वर्षीय दो खिलाड़ियों को शामिल करने की खबर सामने आने के बाद जिले के युवा क्रिकेटरों और पूर्व खिलाड़ियों में नाराजगी है। आरोप है कि बंगाल क्रिकेट लीग में खेलने वाले परमजीत सिंह और सचिन दुबे को अंडर-19 प्रतियोगिता में शामिल किया गया, जिससे चयन प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। मामले को लेकर संयुक्त बिहार रणजी क्रिकेटर अविनाश कुमार ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह घटना शर्मनाक है और इससे स्थानीय प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ अन्याय हो रहा है। उनका कहना है कि जिला क्रिकेट संघ को ऐसे मामलों में जवाबदेह बनाते हुए कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

अविनाश कुमार ने कहा कि जिले के युवा खिलाड़ियों को मौका देने के बजाय ओवरएज खिलाड़ियों को टीम में शामिल करना गलत है। इससे स्थानीय खिलाड़ियों का हक मारा जा रहा है। वहीं, झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के वरिष्ठ सदस्य और लोकल मैनेजर उमा राव ने कहा कि उम्र से संबंधित गड़बड़ी की शिकायतें क्रिकेट में अक्सर सामने आती रहती हैं। उन्होंने बताया कि कई मामलों में आधार रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेज की जांच के दौरान खिलाड़ी पकड़े भी जाते हैं। उनके अनुसार चयन प्रक्रिया को और सख्त बनाने की जरूरत है। पूरे मामले पर जेएससीए सदस्य असीम सिंह ने कहा कि दोनों खिलाड़ी तीन वर्ष से यहां लीग क्रिकेट खेल रहे हैं।

# टोटेमिक कुड़मि समाज के वार्षिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन, नप अध्यक्ष सन्नी उरांव ने किया शुभारंभ

संवाददाता

**चक्रधरपुर :** चुआड़ विद्रोह के महानायक अमर वीर शहीद रघुनाथ महतो के शहादत दिवस के अवसर पर रविवार को दन्दासाई, महतो साई स्थित बूढ़ा बाबा (शिव मंदिर) प्रांगण में टोटेमिक कुड़मि समाज छोटानागपुर द्वारा वार्षिक रक्तदान शिविर सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन नगर परिषद अध्यक्ष सन्नी उरांव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सन्नी उरांव ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने की अपील की। साथ ही आयोजन समिति को इस तरह के जनहितकारी कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम के दौरान सन्नी उरांव ने दन्दासाई शिव मंदिर के समीप महतो टोला चौक का भी फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर शिक्षक दिलीप कुमार महतो, गणेश्वर महतो, करन महतो, गोविंद महतो, नागेश्वर महतो, विश्वनाथ महतो, रोमित केटियार, कार्तिक महतो, संजय पासवान, राजेश गुप्ता, दानिश, अजय कुमार महतो, धीरज महतो, रोशन महतो, प्रकाश महतो, समीर महतो, जगदीश महतो, मंटू महतो, गणेश महतो, मुकुंद महतो, अरविंद महतो, ओमप्रकाश महतो, पंकज महतो, मंगल महतो, गोपी महतो, दीपक महतो, पप्पू महतो, रंजीत महतो, अजीत महतो, सुशील महतो, कमलेश महतो, रतन महतो, कुलदीप महतो, गुरुचरण गोप, उत्तम महतो, प्रताप महतो, छोटन महतो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

